


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 143/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, बुधवार 28 दिसंबर 2022 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



अमेरिका में बॉम्ब साइक्लोन की वजह से मौतों की संख्या 60 से ज्यादा हो गई है। सबसे मौतें ज्यादा बफेलो की न्यूयॉर्क सिटी में हुई हैं।

सांध्य प्रकाश विशेष

## संघ प्रमुख मोहन भागवत ने महाकाल मंदिर में किया जल स्तंभ का अनावरण



उज्जैन। संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत ने सुजलाम जल महोत्सव के अंतर्गत ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में देश के पहले जल स्तंभ का अनावरण किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह संघ प्रमुख महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां गर्भगृह से भगवान महाकाल के दर्शन व अभिषेक किया। नंदी हाल में मंदिर समिति की ओर से कलेक्टर आशीष सिंह ने भागवत का स्वागत किया। इसके बाद महंत विनीत गिरि व मंदिर समिति के सदस्यों ने उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। परिसर स्थित मार्बल चबूतरे पर चल रहे चतुर्वेद पारायण स्थल पर श्री वेदनारायण भगवान की पूजा अर्चना के बाद वे शहनाई गेट के समीप स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां जल स्तंभ का अनावरण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत संघ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन में शामिल होने के इंदौर रोड स्थित मालगुडी डेज रवाना हो गए।

डा.भागवत मंदिर के मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर भस्म रमैया भक्त मंडल के सदस्यों ने झांझ व डमरू तथा बंगाली समाज की महिलाओं ने शंख की मंगल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर बने चार मंच में से एक मंच पर संघ प्रमुख बैठे थे। दूसरे मंच पर शहर के प्रमुख साधु, संत व मंडलेश्वर विराजित थे। तीसरे मंच से वेदपाठी बटुक स्वस्ति वाचन व मंगलाचरण कर रहे थे। चौथे मंच से कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## मोदी की मां हीराबा की तबीयत बिगड़ी, अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। हीराबा को मंगलवार रात को अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती किया गया है। शुरुआती रिपोर्ट्स हैं कि हीराबा को रूटीन चेकअप के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया है। पीएम मोदी गुजरात चुनाव के मतदान के दौरान 4 दिसंबर को गांधीनगर में अपनी मां हीराबेन से मिले थे। इस दौरान उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था और उनके साथ बैठकर चाय पी थी। गुजरात चुनाव से पहले मोदी अपनी मां से 18 जून को उनके 100वें जन्मदिन पर मिले थे।



मध्यप्रदेश भाजपा के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्य तिथि पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कार्यालय पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष प्रभात झा, मंत्री विश्वास सारंग, महामंत्री भगवानदास सबनानी आदि मौजूद रहे।

## ये लोग तो मेरी दादी को भी...पप्पू कहे जाने पर राहुल गांधी ने दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने खुद को पप्पू बुलाए जाने पर विरोधियों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि उन्हें %पप्पू% कहलाने में कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह विरोधियों के प्रचार अभियान का हिस्सा है। इंदिरा गांधी के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें आयरन लेडी कहने से पहले गूंगी गुड़िया कहा जाता था। वही लोग जो मुझ पर चौबीसों घंटे हमला करते हैं, मेरी दादी को गूंगी गुड़िया कहते थे और अचानक गूंगी गुड़िया आयरन लेडी बन गई। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे परवाह नहीं है।

### कांग्रेस ने केंद्र से बोली- राहुल गांधी की सुरक्षा सुनिश्चित करें

कांग्रेस ने केंद्र सरकार से भारत जोड़ो यात्रा में राहुल की सुरक्षा की मांग की है। इसको लेकर पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राहुल की सुरक्षा में कई बार चूक हुई है। इस मामले में इंटेलिजेंस ब्यूरो ने यात्रा में शामिल कई लोगों से पूछताछ की है।

## कांग्रेस ने मोदी को चैलेंज किया, ऐसी यात्रा करके दिखाओ

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चैलेंज किया है कि इतनी सर्दी में भारत जोड़ो यात्रा जैसा मार्च निकालिए। कुछ घंटे के लिए ही सही। इस बीच मणिशंकर अय्यर ने बुधवार को दिल्ली में कहा- ये संघ परिवार के लोग हैं और यही लोग भारत को टुकड़े-टुकड़े कर रहे हैं। ये धर्म, भाषा और जाति के नाम पर देश को टुकड़े-टुकड़े कर रहे हैं। हमारी यात्रा इसके खिलाफ है। हम उन लोगों के खिलाफ लड़ रहे हैं, जो इस देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने मनाया 138वां स्थापना दिवस, सोनिया-राहुल सहित कई पार्टी नेता रहे मौजूद



नई दिल्ली स्थित पार्टी ऑफिस में आज यानी बुधवार को कांग्रेस ने 138वां स्थापना दिवस मनाया है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत तमाम बड़े नेता शामिल हुए। खड़गे ने इस मौके पर झंडा फहराया।

### मणिशंकर ने संघ पर साधा निशाना, बोले - संघ परिवार भारत के टुकड़े-टुकड़े कर रहा

नई दिल्ली। नई दिल्ली में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने बुधवार को ऋस्स्पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संघ परिवार के लोग धर्म, भाषा और जाति के आधार पर भारत के टुकड़े-टुकड़े कर रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इसी नफरत के खिलाफ है। हम सभी को अब देश को तोड़ने की कोशिशों के खिलाफ लड़ना होगा।

## लेह-लद्दाख और कश्मीर की सुरक्षा को लेकर अलर्ट, अमित शाह ने बैठक बुलाई



नई दिल्ली। लेह-लद्दाख और जम्मू- कश्मीर की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शाम क्रमशः तीन और चार बजे एक अहम बैठक बुलाई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। इस बैठक में सीआरपीएफ, बीएसएफ, जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा खुफिया एजेंसी ढ्ढक्च और रॉ के प्रमुख भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जम्मू के सिधरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ के बाद यह अहम बैठक बुलाई गई है।

### मप्र में नए साल में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका, गृह विभाग को मिला इनपुट

भोपाल। प्रदेश में न्यू ईयर पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। ऐसा इनपुट खुफिया पुलिस से गृह विभाग को मिला है। इसे लेकर गृह विभाग ने सभी कलेक्टर्स और एसपी को निर्देश जारी कर सख्ती और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। 1 जनवरी से 31 मार्च तक खास तौर पर सावधानी बरतने को कहा है। अशांति फैलाने वालों पर लगाने के लिए कहा गया है।

## कोरोना के ताजा आंकड़े जारी, कल की तुलना में आज अधिक मामले

### विदेश से आए अब तक 41 लोग संक्रमित

नई दिल्ली। देश में कोरोना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक कल की तुलना में आज मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं विदेश से आए अब तक 41 यात्रियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।एक रिपोर्ट के मुताबिक, 24 दिसंबर से अब तक 498 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की जांच की जा चुकी है। इस दौरान अब तक कुल 41 यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। अब इन सभी सैंपल्स को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 188 नए मामले सामने आए हैं जो कि कल की तुलना में 31 मरीज अधिक है। जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 3,468 हो गई है।दुबई से चेन्नई हवाई अड्डे पर लौटे दो यात्रियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दोनों यात्री पुदुकोट्टई जिले के अलंगुडी के रहने वाले हैं। उनके परीक्षण के नमूने तमिलनाडु स्वास्थ्य विभाग को भेजे गए हैं।

**बूस्टर के बाद नहीं ले सकेंगे नेजल वैक्सीन:** देश में नेजल वैक्सीन उन लोगों को नहीं लगाया जा सकता है जिन्होंने बूस्टर खुराक ली है। यह बात भारत के वैक्सीन टास्क फोर्स के चीफ डॉ. एनके अरोड़ा ने इंटरव्यू में कही है। उन्होंने कहा कि ये वैक्सीन अपने आप में बूस्टर डोज है। पहले ही जिन्होंने इस डोज को लगवा लिया है, वे इसे न लें।



## उज्जैन में पंचायत सचिव घूस से लेते पकड़ा गया

उज्जैन में लोकायुक्त ने ग्राम पंचायत सचिव राकेश सोनगरा को 6 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। चैनपुर निवासी विजय जाट से सचिव ने एनओसी देने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। फोरलेन बनाने वाली कंपनी को खेत की मिट्टी उठाने और खेत समतल करने के लिए देने का एग्रीमेंट किया। इसके लिए विजय को एनओसी की जरूरत थी।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड: दिल्ली में छाया घना कोहरा, मध्यप्रदेश के कई अंचलों में शीतलहर

नई दिल्ली। देश में सर्दी बढ़ रही है। आलम ये है कि दिल्ली नैनीताल से ज्यादा ठंडी हो गई है। दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक बुधवार को भी दिल्ली में घने कोहरे के कारण 100 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हुईं। इनमें से कुछ को नजदीकी एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि देहरादून में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, धर्मशाला में 6.2 डिग्री सेल्सियस और नैनीताल में 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली के अलावा, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गई है। इसके साथ ही घने कोहरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे की वजह से विजिबिलिटी सिर्फ 50 मीटर रह गई, जिससे सड़क यातायात और ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

हिमाचल प्रदेश में भीषण शीतलहर के चलते अधिकांश



जगहों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे चला गया। केलांग में -7.9 डिग्री, कुसुमसेरी में -5.0 डिग्री, कल्पा में -3.6 डिग्री, मनाली में -0.6 डिग्री और भुंतर में -0.4 डिग्री दर्ज किया गया। सोलन और शिमला का न्यूनतम तापमान 2.3 और 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के अलग-अलग स्थानों पर बारिश और हिमपात की संभावना जताई है। पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में कोहरा छाया रहा

पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में मंगलवार को कोहरा छाया रहा। मौसम केंद्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में नारनौल का तापमान सामान्य से चार डिग्री कम एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के बठिंडा में 1.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

### ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में कोहरे का यलो अलर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में इस सीजन में पहली बार दिन और रात में ठंड का एहसास हुआ है। ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड के इलाकों में सबसे ज्यादा ठंड पड़ना शुरू हो गई है। यहां कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के नीचे आ गया हैं। इससे सर्दी और कोहरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में जबरदस्त कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। इसका सबसे ज्यादा असर भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, शिवपुरी, ग्वालियर व दतिया में दिखेगा। दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी के जिलों में मध्यम कोहरा रहेगा।



### प्रदेश कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

भोपाल। मध्यप्रदेश में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय शिवाजी नगर में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजीव सिंह, जेपी धनोपिया, उपाध्यक्ष श्रीमती आभा सिंह, मीडिया प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा सहित अनेक नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री पचौरी ने सभी को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास स्वर्णिम रहा है। हमें कांग्रेस की विचारधारा पर चलते हुए प्रदेश में पार्टी को मजबूत करना है। जो लोग जनता को धर्म और संप्रदाय, जाति के आधार पर बांटने का काम कर रहे हैं, भ्रमित कर रहे हैं, उन्हें बेनकाब करें।

# परमात्मा की भक्ति करके मन का श्रृंगार करना चाहिए : स्वामी भगत प्रकाश

**स्वामी भगत प्रकाश महाराज का संत नगर में सत्संग समारोह का आयोजन**





**संत हिरदाराम नगर।** प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगतप्रकाश महाराज जयपुर से तीन दिवसीय सत्संग समारोह के लिए अपनी संत मंडली के साथ संत हिरदाराम नगर पहुंचे हैं जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। संस्कार स्कूल में अपने अमृतमयी प्रवचनों की वर्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में समय बहुत कम है इसलिए अमृतवेले उठकर परमात्मा को याद करके मन के सवभाव को बदलना चाहिए। जिस तरह हम शरीर का श्रंगार करते है उसी तरह हमें परमात्मा की भक्ति करके मन का श्रंगार करना चाहिए मन के अंदर धीरज को धारण कर क्रोध को निकालना है। तभी हमें लोक और परलोक में शांति प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि पहले तो मनुष्य को नाम जपने में मन को लगाने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ेगी तभी हमारा मन बदलेगा। ऐसा नहीं कि मन बदलता नहीं है अगर मन नहीं बदलता होता तो ऋषी बाल्मिकी का मन नहीं बदलता और तुलसीदास जो विषयरस में आशक्त था उसका मन भी नहीं बदलता इनका मन एक पल में बदल गया इसी तरह हम भी अपने मन को बदल कर अपने जीवन को संवार सकते है।

## उत्सव मैरिज गार्डन में बजरंग दल की बैठक 30 को

भोपाल। बजरंग दल की बैठक उत्सव मैरिज गार्डन विदिशा रोड पर 30 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। बैठक का उद्देश्य गणवेश वितरण होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग दल प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव, प्रांत संयोजक सुशील सुडेले, जीवन शर्मा, जिला संयोजक सुनील सोनी मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के संयोजन करता रिंकू ठाकुर ने बताया कि नए व युवा कार्यकर्ताओं के गणवेश वितरण के साथ ही समरसता भोज का आयोजन भी किया गया है।

## हिंगलाज सेना की बैठक संपन्न



भोपाल। हिंगलाज सेना की बैठक आज राष्ट्रीय अध्यक्ष दीदी लक्ष्मी मणि शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई इसमें युवा वर्ग से नशा मुक्ति एवं महिला उत्पीड़न रोकने के लिए चर्चा की गई हिंगलाज सेना के भोपाल अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने बताया कि हिंगलाज सेना द्वारा नशा मुक्ति के लिए भोपाल शहर में सतत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

## अहिरवार समाज का सम्मेलन संपन्न



**भोपाल।** अहिरवार समाज संघ के तत्वाधान में 25 दिसम्बर 2022 को समन्वय भवन न्यू मार्केट टी.टी. नगर में सम्पन्न हुआ। संत रविदास भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. अम्बेडकर जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन सागर भंतेजी एवं राधा किशनदास महाराज द्वारा किया गया। प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में प्रमुख रुप से वक्ताओं ने समाज की दिशा एवं दशा तथा आर्थिक सामाजिक राजनैतिक रोजगार के संबंध में विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। समाज के प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों के संभाग अध्यक्ष जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रदेश कार्यकारणी के सदस्यों एवं अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के साथ समाज के गणमान्य बन्धुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश अहिरवार एवं संस्थापक अमान सिंह नरवरिया राजेश बांधेवाल रमेश बामने के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन माधवसिंह अहिरवार ने किया और आभार हीरालाल गोलिया प्रदेश संयोजक ने व्यक्त किया।

## एडवोकेट माया मदकोरिया कबीर कोहिनूर अवार्ड से सम्मानित होंगी



**भोपाल।** एडवोकेट माया मदकोरिया को कबीर कोहिनूर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है सम्राट सदगुरु कबीर साहेब के 505 वें महानिर्वाण महोत्सव के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय कबीर मठ मनहर धाम द्वारा सम्मानित किया जा रहा है सम्मान समारोह में मनहर धाम के गादीपति पीठाधीश्वर महंत आचार्य विचार दास महाराज एवं भारत भूषण महंत डॉ नानक दास महाराज पूर्व केंद्रीय टी बोर्ड सदस्य भारत सरकार के नेतृत्व में सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू नागौर राजस्थान द्वारा देश के असाधारण व्यक्तियों को जो अखंड भारत सामाजिक समरसता सद्भावना समभाव एवं जनकल्याणकारी राष्ट्रीय अधिकारी कार्यों में लगे हैं उन्हें अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा विश्व वंदनीय संत सम्राट कबीर साहेब के 505 में महापरिनिर्वाण दिवस के शुभ अवसर पर 5 फरवरी 2023 को नई दिल्ली में कबीर कोहिनूर सम्मान का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए पूरे भारत से दो अलग-अलग श्रेणियों में अपने अपने क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वाली 200 विभूतियों का चयन किया गया है एडवोकेट माया मदकोरिया को यह सम्मान उनके विधि विशेषज्ञ के रूप में समाज की सेवा के लिए दिया जा रहा है सम्मान का आयोजन 5 फरवरी 2023 को डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र जनपथ रोड नई दिल्ली पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किया जाएगा।

## कलेक्टर के निर्देश पर सुनने की मशीन उपलब्ध कराई

भोपाल । जनसुनवाई में आए दौलतराम ग्राम गुनगा तह बेरासिया के द्वारा कलेक्टर अविनाश लवानिया को बताया कि उनको सुनने में बहुत दिक्कत होती है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ने कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्री दौलत राम को आवश्यकता अनुसार सुनने के लिए मशीन दी जाए। सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियो ने त्वरित कार्रवाई करते हुए , दौलतराम पिता श्री नन्द राम ग्राम गुनगा तह बेरासिया जिला भोपाल को सुनने के लिए इयररिंग मशीन प्रदाय की।

## बोरवन पार्क में मार्च तक एक भव्य पगड़ी रस्म हाल का किया जाएगा निर्माण



**संत हिरदाराम नगर।** दीनदयाल बोरवन क्लब में विधायक रामेश्वर शर्मा ने पूज्य सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शाल, श्रीफल से स्वागत किया। वहीं पंचायत की मुख्य समस्या पगड़ी रस्म हाल के निर्माण हेतु अपनी स्वीकृति देते हुए बताया कि बोरवन क्लब के क्षेत्र में ही एक भव्य पगड़ी रस्म हाल का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ कर मार्च के अंत में पूर्ण कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह मुख्य मांग पंचायत द्वारा कई बार की जा चुकी हे। लेकिन समाधान नहीं किया गया। स्वागत कार्यक्रम में विधायक ने घोषणा करते हुए विश्वास दिलाया कि पंचायत की जो मांग होगी उसे पूर्ण करने में कोई असर नहीं छोड़ी जाएगी। घोषणा पर पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, महासचिव माधू चांदवानी, मुख्य सलाहाकार हीरो ज्ञानचंदानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी सहित कई लोगों ने आभार व्यक्त किया।

## दूध के बढ़े दाम को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन



### दूध की बड़ी कीमत को भाजपा सरकार को वापस लेना चाहिए:कैलाश मिश्रा

**संत हिरदाराम नगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संत हिरदाराम नगर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में दूध के बड़े हुए दाम को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष कैलाश मिश्रा की उपस्थिति में महात्मा गांधी चैराहे पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए और उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भांजे भांजी करे पुकार मामा बंद करो अत्याचार जैसे नारे लगाते रहे।

जिला अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि शिवराज सरकार को बढ़ती हुई महंगाई को रोकना चाहिए एवं दूध की जो कीमत बड़ी है उसे तत्काल वापस लें। अशोक मारण ने कहा कि मध्यप्रदेश की विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में कुपोषित बच्चों की संख्या अधिक है एवं रिपोर्ट के अनुसार भी पूरे देश के अंदर 57 प्रतिशत बच्चे एनीमिया के शिकार हैं सरकार को बच्चों के दूध की कीमत कम करना चाहिए जिससे हम मध्यप्रदेश में कुपोषित हो रहे बच्चों के साथ न्याय कर सके।

## महंत बालकदास महाराज ब्रह्मलीन अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**हरिहर गुरु साहिब अनंत यात्रा पर**

### विधायक रामेश्वर शर्मा सहित लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर प्रणाम किया



**संत हिरदाराम नगर।** कजलास स्थित हरिहर मंदिर के अधिष्ठाता व हरिहर गुरु साहिब के नाम से पहचाने जाने वाले महंत 108 श्रीश्री बालकदास महाराज मंगलवार को ब्रह्मलीन हो गए। उन्होंने अपनी लौकिक देह को त्याग कर श्रीधाम की यात्रा पर गमन किया। उनके देह त्याग से क्षेत्र में शोकमय वातावरण है। हर कोई महंत के जाने से दु:खी है। मंगलवार को हरिहर मंदिर से उनकी अंतिम यात्रा को पूरे विधि-विधान के साथ निकाला गया।

महंत के अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्रवासी की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई उन्हें अंतिम प्रणाम करना चाहता था। महंत के देहत्याग की सूचना पाते ही विधायक रामेश्वर शर्मा भी कजलास स्थित हरिहर मंदिर पहुंचकर महंत महाराज की अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए व संस्कार पूर्ण होने तक उपस्थित रहे। उन्होंने यात्रा को कंधा देकर उन्हें अंतिम प्रणाम किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि महंत बालकदास महाराज धर्मध्वजा संवाहक थे। आध्यात्मिक प्रज्ञा का ईश्वर का उनको आशीर्वाद प्राप्त था। उन्होंने अपने आलौकिक व्यक्तित्व से क्षेत्र के नागरिकों को बांधे रखा और मंदिर से जोड़कर ईश्वर भक्ति का मार्ग बताया। वह दिव्यात्मा थे, जिनकी आध्यात्मिक प्रभा से हर कोई अपने जीवन को कांतिवान बनाने का प्रयास करता था। उनका जाना धार्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। हर क्षेत्रवासी उनके जाने से दु:खी है। उन्होंने आगे कहा कि महंत जैसे व्यक्तित्व देह त्याग करते हैं लेकिन मरते कभी नहीं हैं। वह विचार, चेतना और उनकी सीखों के रूप में सदैव हमारे बीच रहते हैं। उनके जाने से हम सब दु:खी हैं लेकिन उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण कर सर्वजन हिताय हेतु समर्पित रहना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सब उनके द्वारा प्रशस्त पथ का अनुगमन करते हुए, उनकी सीखों को अपने जीवन में उतारें यही हमारी भक्ति की भी सार्थकता होगी।

## सुरेश पटवा की पुस्तकें सुरम्य सतपुड़ा और जंगल की सैर लोकार्पित



भोपाल । शहर के बहुपठित लेखक सुरेश पटवा की सतपुड़ा पर्वत पर यात्रा वृतांत सुरम्य सतपुड़ा और बाल उपन्यास जंगल की सैर दोनों कृतियां आज दुष्यंत स्मारक संग्रहालय में लोकार्पित हुईं। कांता रॉय द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के पश्चात संग्रहालय के निदेशक श्री राजुरकर राज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। शहर के साहित्यकारों की उपस्थिति में डॉ.सुदेश वाघमारे की अध्यक्षता और गोकुल सोनी के मुख्य आतिथ्य में यह लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। पर्यावरणविद् डॉ.सुदेश वाघमारे ने दोनों पुस्तकों की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला और लेखक के चिंतनपरक और अनुभवजन्य लेखन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि गोकुल सोनी ने कहा कि ये पुस्तकें पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करती हैं। इन्हें पढ़कर लगता है कि पर्वत और जंगल मनुष्य के सहभागी हैं। इनका संरक्षण पुनीत कर्तव्य है। उन्होंने ऽलेखक को जानिएऽ कार्यक्रम के अंतर्गत श्री पटवा से उनके लेखन के संबंध में पाँच प्रश्न पूछे। जिनके लेखक ने सटीक उत्तर देते हुए यात्रा के दौरान घटी रोचक घटनाएं सुनाई। सारस्वत अतिथि जवाहर कर्णावत ने भी लेखक के बहु आयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मनोज गुप्त मनोज ने सुरम्य सतपुड़ा और महेश सक्सेना ने जंगल की सैर पुस्तक की सटीक समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल और सरस संचालन घनश्याम मैथिल ने किया। इस अवसर पर सुनील दुबे वृक्षमित्र ने मंचासीन अतिथियों का पौधे भेंट करके स्वागत किया। आभार प्रदर्शन शिवांश सरल ने किया।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 को लेकर की मॉकड्रिल

**भोपाल ।** कोविड-19 के विभिन्न देशों में हुए प्रकरणों में आकस्मिक प्रगति को देखते हुए मध्यप्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। इस संबंध में तैयारियों की निरंतर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश राज्य स्तर से जारी किए जा रहे हैं। कोविड-19 के नए वेरिएंट की त्वरित पहचान व मौजूदा वेरिएंट हेतु संदिग्ध और पुष्ट प्रकरणों का शीघ्र पता लगाने के लिए शीघ्र पहचान , आइसोलेशन, परीक्षण और समय पर प्रबंधन के साथ निगरानी की जा रही है।

कोविड-19 की आवश्यक तैयारियों की पुन: समीक्षा हेतु जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में 27 दिसम्बर को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया । जिसके तहत भोपाल की 26 संस्थाओं में मॉक ड्रिल की गई । जिसमें स्वास्थ्य संस्थाओं की बिस्तर क्षमता , उपलब्ध मानव संसाधन, मानव संसाधन की क्षमतावर्धन, रेफरल सेवाएं, परीक्षण क्षमताएं, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता, मेडिकल ऑक्सीजन एवं टेली मेडिसन की सेवाओं की समीक्षा की गई। मॉक ड्रिल में जिला चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ,चिन्हित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, एम्स, ईएसआई, निजी क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों ,गैस राहत चिकित्सालय, रेलवे, ईएसआई, कस्तूरबा चिकित्सालय एवं चिह्नित निजी चिकित्सालय शामिल रहे। इन अस्पतालों में आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर बेड की समीक्षा की गई। उपलब्ध मानव संसाधन के अंतर्गत डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, आयुष डॉक्टर, आशा कार्यकर्ता ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, फ्रंटलाइन कार्यकर्ता तथा ग्राम स्तर के अन्य कार्यकर्ताओं की उपलब्धता का आंकलन किया गया एवं तकनीकी स्टाफ के प्रशिक्षण की स्थिति को देखा गया ।

इसके साथ ही पी.एस.ए. संयंत्रों के संचालन की स्थिति को जांच आ गया। रेफ़रल सेवाओं के अंतर्गत एडवांस और बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं पीपीपी मोड के तहत कार्यात्मक एंबुलेंस एवं कॉल सेंटर की स्थिति का पुन: परीक्षण किया गया। कोविड-19 की जांच हेतु आरटीपीसीआर एवं रैपिड एंटीजन किट की उपलब्धता, रिएजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है । कोविड-19 के उपचार हेतु आवश्यक दवाइयों के साथ-साथ वेंटिलेटर पीपीई किट, एन 95 मास्क, नेबुलाइजर ,ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर ,ऑक्सीजन सिलेंडर , पीएसए प्लांट , लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन, स्टोरेज टैंक, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम को परखा गया।

## अंतरराष्ट्रीय एक्सपो में जैन इरीगेशन के उत्पादों की धूम



**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय एग्री एवं हॉर्टिकल्चर एक्सपो 2022 भोपाल स्थित बिट्टन मार्केट पर आयोजित किया जा रहा है इसमें सिंचाई एवं खेती किसानी में उपयोग होने वाले विभिन्न तरह के स्प्रिंकल बनाने वाली जलगांव महाराष्ट्र स्थित जैन इरिगेशन सिस्टम के उत्पादों को लोगों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है जैन इरिगेशन के स्टेट हेड डॉ विवेक डांगरीकर ने बताया कि उनके द्वारा यहां पर इरीगेशन संबंधी सभी रेंज उपलब्ध है




**अंबिका धातु के उत्पाद लोकप्रिय:** भोपाल स्थित बिट्टन मार्केट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय एग्री एवं हॉर्टि 2022 में अंबिका धातु फेंसिंग एवं जमीन की उर्वरता बढ़ाने वाले उत्पादों को प्रदर्शित कर रही है जिन को किसानों द्वारा भारी रिस्पांस दिया जा रहा है टेक्निकल हेड अंबिका धातु मनीष अग्रवाल ने बताया कि उनके द्वारा किसानों को सभी तरह की तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है।

**किसान शासन की पशुपालन योजनाओं का लाभ लें:** अंतर्राष्ट्रीय एग्री एवं हॉर्टि एक्सपो 2022 भोपाल में बिट्टन मार्केट पर आयोजित किया जा रहा है पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ अभिजीत शुक्ला ने बताया कि किसानों के लिए शासन द्वारा अनेक योजनाएं पशुपालन के लिए संचालित की जा रही है और किसानों को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए।

## भोजपाल महोत्सव मेले में पहुंच रही भारी भीड़

### मंत्री रामखेलावन पटेल और विधायक कृष्णा गौर ने पार्षदों के साथ किया मेले में भ्रमण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में मंगलवार को भारी भीड़ रही. इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासियों ने मेले में पहुंचकर खानपान के विभिन्न स्टालों सहित मंच पर चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया. इसके साथ ही बड़ी संख्या में लोग सर्कस देखने पहुंचे और झूलों में पहुंचकर उसका लुफ्त उठाया. इस दौरान मंत्री रामखेलावन पटेल भी मेला देखने पहुंचे. साथ ही क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर करीब एक दर्जन पार्षदों, महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भोजपाल महोत्सव मेले में पहुंची. विधायक सर्कस देखने के साथ मेले में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया. ज्वैलरी आइटम्स सहित विभिन्न स्टालों में पहुंची और मेले में दूरदराज से आए दुकानदारों से बात की. इस दौरान विधायक ने मेले में आए आमजन, शहरवासी और बच्चों से भी भेंट की इस मौके पर मेला संयोजक विकास विरानी अध्यक्ष सुनील यादव महामंत्री हरीश कुमार राम धीरेंद्र तिवारी सहित मेला स्टॉप मौजूद रहा.



# स्वच्छता की तरह प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन में भी इंदौर नंबर वन रहेगा : चौहान

**मुख्यमंत्री और केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री मुरलीधरन ने प्रवासी भारतीय दिवस तथा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारियों की समीक्षा की**




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस समागम एवं इन्वेस्टर्स समिट को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री श्री वी. मुरलीधरन भी विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथियों को देवतुल्य माना गया है। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया जाये। उनके स्वागत-सत्कार में किसी भी तरह की कमी नहीं रखी जाये। किसी भी अतिथि को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रवासी भारतीय सम्मेलन एवं इन्वेस्टर समिट अविस्मरणीय और यादगार बने। अतिथि ऐसी यादें लेकर जाएँ जो हमेशा उनके दिल और दिमाग में रहे। जिस तरह इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है, उसी तरह इस आयोजन में भी इंदौर नंबर वन बने।

मुख्यमंत्रीचौहान ने कहा कि आयोजन की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाये रखने के लिये इंदौर में ग्लोबल गार्डन विकसित किया जाये। इसमें आने वाले सभी अतिथियों से वृक्षा-रोपण कराया जाये। ऐसे पौधों का रोपण हो जो वर्षों तक जीवित रहें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं और आयोजन के दौरान होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अतिथियों के आवास, परिवहन, भोजन आदि के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि माइक्रो प्लानिंग बना कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाये। अतिथियों के ठहरने के स्थान का पूर्व निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएँ पर्याप्त हो। एयरपोर्ट पर महत्वपूर्ण अतिथियों, अति महत्वपूर्ण अतिथियों तथा अन्य अतिथियों का परम्परागत रूप से स्वागत-सत्कार किया जाये। एयरपोर्ट पर आने वाले प्रत्येक अतिथि के साथ एक सहयोगी की व्यवस्था हो। एयरपोर्ट पर आते ही उन्हें सभी जरूरी सुविधाएँ समय पर मिल जायें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि आयोजन के दौरान शहर में किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हो। पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरती जाये। यह आयोजन इंदौर और मध्यप्रदेश के सम्मान का आयोजन है। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान हिन्दी का पर्याप्त उपयोग हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आने वाले अतिथियों को इंदौर की स्वच्छता की जानकारी देने के निर्देश भी दिये।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मुरलीधरन ने बैठक के पूर्व आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिये की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। आयोजन निश्चित रूप से सफल होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि इस आयोजन में पूरे शहर और समाज की सहभागिता है। राज्य मंत्री श्री मुरलीधरन ने कि आयोजन के दौरान भोजन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। भोजन की ऐसी माकूल व्यवस्था रहे, जिससे अतिथियों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बैठक के पूर्व अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण भी किया। संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र तथा नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल ने आयोजन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, व्यवस्थाओं और की जा रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। इंदौर जिले के प्रभारी तथा गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, सांसद वी.डी. शर्मा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, विधायकगण सहित आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

**पेसा अधिनियम से जनजातीय वर्ग की जिंदगी बदल जाएगी:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पेसा अधिनियम को जमीन पर उतार कर जनजातीय वर्ग की जिंदगी बदलने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। प्रदेश में जल, जंगल, जमीन के लिए लोगों को अधिकार देने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। अनेक जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर प्रदेश में लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए अमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम लागू कर लोगों को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्रीचौहान आज निवास पर युवा परिसंवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पेसा अधिनियम के विषय में सरलभाषा और विस्तार से युवाओं को जानकारी दी। मुख्यमंत्री चौहान ने पेसा अधिनियम का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने के लिए युवाओं से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर ग्राम सभा का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि गांव का पैसा गांव में रहे इसके लिए ग्राम सभा को सशक्त बनाया गया है। ग्राम सभा साल भर के कार्यों की योजना बनाएगी। ग्राम सभा ही लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। गांव में अगर कोई बाहर से आता है तो उसकी जानकारी भी ग्राम सभा को देना होगी। अधिसूचित गांव में नई शराब और भांग की दुकान खोलने का अधिकार भी ग्राम सभा को होगा। सार्वजनिक स्थानों पर भी ग्राम सभा प्रतिबंध लगा सकती है। गांव में शांति और विवाद निवारण समिति बनेगी। छोटे-मोटे झगड़ों, विवादों के लिए थाने जाने की जरूरत नहीं होगी। पेसा अधिनियम में ऐसे कई प्रावधान हैं। पेसा अधिनियम सामाजिक क्रांति है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि युवा गांव-गांव जाएं और लोगों को पेसा अधिनियम के बारे में समझाएं। मुझे इसके लिए आप जैसे नौजवानों की जरूरत है। मामा आपके साथ खड़ा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीरतापूर्वक सहयोग करें। सामाजिक क्रांति लाकर हम आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। कार्यक्रम में डॉ निशांत खरे सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवा उपस्थित थे।

## प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग अभ्यास ही सब रोगों का निदान: डॉ रमेश टेवानी



**भोपाल।** प्राकृतिक चिकित्सा ही सब रोगों का निदान है जब तक पेट पूरी तरह से साफ नही होगा तब व्यक्ति आरोग्यता को प्राप्त नही कर सकता। यह बाते प्राकृतिक चिकित्सक डॉ रमेश जी टेवानी ने मंगलवार को सुर्या फाउंडेशन एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गनाइजेशन आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ग्राम दीदाखेड़ी में आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा व आरोग्य परामर्श शिविर के दौरान कहीं व मिट्टी पानी धूप हवा के द्वारा किस प्रकार स्वस्थ रहा जा सकता है इस विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी योग गुरु महेश अग्रवाल द्वारा योग के महत्व और आरोग्य रहने की कई बातें ग्रामीणजनों को बतायी साथ ही ग्राम के बच्चों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक रवि तिवारी, अशोक सह क्षेत्र प्रमुख सुर्या फाउंडेशन, हरिसिंह जी पटेल ग्राम प्रमुख दीदाखेड़ी नन्दकिशोर जी वर्मा प्राचार्य जीनियस एकेडमी गुड़भेला, कपिल वर्मा, दीपक वर्मा , सचिन मेवाड़ा, गोविंद मेवाड़ा, जगदीश मेवाड़ा सहित कई ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में सैलानी 75 घंटे लगातार सेहत, स्वाद और मनोरंजन से होंगे सराबोर

भोपाल। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में पर्यटकों के लिए 29 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक सेहत, स्वाद और मनोरंजन के 75 घंटे नॉनस्टॉप इवेंट्स होंगे। पंचमढ़ी में नव वर्ष मनाने आए हुए सैलानियों के लिए अनोखा और सुखद अनुभव होगा। पचमढ़ी गोल्फ टूर्नामेंट, स्टार गैजिंग, टूरिज्म हॉट बाजार, धूपगढ़ पॉइंट पर योग, बर्ड वाचिंग और उद्यानिकी ट्रेल, टेंपल दर्शन और हेरिटेज वॉक, पचमढ़ी फिल्म फेस्टिवल के तहत लाइट एंड साउंड शो, कराओके शो, न्यू ईयर सेलिब्रेशन, ट्रैकिंग और नाइट कैंपिंग और अंबा माई पर रॉक आर्ट ट्रेल जैसी आकर्षक गतिविधियाँ होगी।कलेक्टर होशंगाबाद श्री नीरज कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक 75 घंटे नॉनस्टॉप इवेंट्स होंगे।

## आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना में 10 लाख तक का ऋण, 5 प्रतिशत ब्याज विभाग देगा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पशुपालन विभाग के अंतर्गत आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना, पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए योजना का लाभ किसानों को मिल सके, इसके लिए राज्य शासन द्वारा आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना बनाई गई। उप संचालक पशु चिकित्सक डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि योजना में सभी वर्ग के हितग्राही शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। डॉ. रामटेके ने कहा कि पशुओं की संख्या में वृद्धि होने से अनुपातिक रूप से वृद्धि का न्यूनतम कृषि भूमि का निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना में सभी वर्ग के सीमांत एवं लघु कृषक योजना का लाभ ले सकते है।

डॉ. रामटेके ने बताया कि पशुपालक किसान न्यूतनम 5 या इससे अधिक पशु की योजना स्वीकृत करा सकता है जिसमें अधिकतम सीमा राशि 10 लाख रूपए तक का ऋण स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। परियोजना की लागत का 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से प्राप्त करनी होगी तथा शेष राशि 25 प्रतिशत की व्यवस्था स्वयं किसान हितग्राही के द्वारा मार्जिन मनी सहायता एवं स्वयं के अंशदान के रूप में करनी होगी। इकाई लागत की 75 प्रतिशत पर या हितग्राही द्वारा बैंक से प्राप्त ऋण पर जो भी कम हो 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अधिकतम रूपए 25 हजार प्रतिवर्ष, ब्याज की प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा 7 वर्ष तक की जाएगी। 5 प्रतिशत से अधिक शेष ब्याज की दर पर ब्याज की प्रतिपूर्ति हितग्राही को स्वंय करना होगी। योजना में सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम डेढ़ लाख और अनुसूचित जाति एवं जनजाति को लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 2 लाख की सहायता दी जाएगी। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए जिले के निकटतम पशु चिकित्सा अधिकारी और उप संचालक पशु चिकित्सा कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## जनसंपर्क विभाग ने योजनाओं को समुदाय से जोड़ कर विकास को ऊंचाई दी: राज्यपाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शासन की विभिन्न योजनाओं से नागरिकों को परिचित कराना और उनसे लाभ प्राप्त कर समृद्धि की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करने में जनसंपर्क कर्मियों का प्रमुख योगदान रहता है। जनसंपर्क विभिन्न संगठनों और जनता के बीच कड़ी के रूप में विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को शासन तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। आमजन को सूचनाएँ देकर, ज्ञानवर्द्धन कर सशक्त बनाने में जनसंपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्यपाल आज कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ़ इंडिया की 44वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉफ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश में जनसंपर्क विभाग युवा, महिला, किसान, जनजातीय और अनुसूचित जाति सहित विभिन्न समुदाय को योजनाओं से परिचित करा कर अधिकतम लोगों तक हितलाभ पहुँचाने में प्रभावी कार्य कर रहा है। योजनाओं को समुदाय से जोड़ कर जनसंपर्क ने विकास को ऊँचाई दी है।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि पब्लिक रिलेशंस सॉसाइटी ऑफ़ इंडिया ने सतत




रूप से राष्ट्र और समाज से जुड़े मुद्दों पर कार्य किया है। सोसाइटी देश में राष्ट्रीय एकात्म और विचारों की सौहार्दता को प्रोत्साहित करने के लिए एक राष्ट्र- एक संकल्प- एक स्वर की भावना को सशक्त करने के संकल्प को लिए हुए है। भारत को एकजुट करने और राष्ट्रीय भावनाओं को जगाने के प्रयास भी इस अभियान में शामिल हैं। राज्यपाल पटेल ने कांफ्रेंस के विषय आत्मनिर्भर भारत - जनसम्पर्क की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत दुनिया के युवा देशों में से एक है। केन्द्र सरकार ने युवा शक्ति को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर देकर, प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया है। आने वाला कल हमारे कर्मठ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का है। उन्होंने आशा की कि शासन के प्रयासों के साथ पीआरएसआई के संकल्प का समन्वय भारत को एक नई पहचान दिलाने में कामयाब होगा।

राज्यपालपटेल ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में जनसंपर्क के माध्यम तेज़ी से बदल रहे हैं। जनसंपर्क बुद्धिजीवियों को इस विषय में भी कार्य करना आवश्यक है, जिससे जन-कल्याणकारी कार्यों में जनसंपर्क का प्रभावी उपयोग किया जा सके। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ़ इंडिया, जनसम्पर्क और लोक संचार की शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में विश्वविद्यालय और संस्थानों का मार्गदर्शन करे। राज्यपाल ने जनसंपर्क के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार प्रदान किए और पुरस्कृत व्यक्तियों को बधाई दी।

# नल से जल पहुंचाने के कामों में तेजी लाएं: संभागायुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

संभागायुक्त मालसिंह भयड़िया ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे संभाग के सभी 6 हजार से अधिक गांवों में नल से हर घर जल पहुंचाने के लिए लक्ष्य अनुसार योजना बनाकर युद्ध स्तर पर कार्य करें । बैठक में बताया गया कि संभाग में अब तक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार एक हजार से अधिक गांव में नल से जल प्रदाय प्रारंभ किया गया है । कमिश्नर ने अब तक प्रारंभ योजनाओं को महिलाओं के स्व-सहायता समूह को संचालन के लिए सुपुर्द करने के कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि जितनी भी योजनाएं निर्माणाधीन हैं, उन सभी के संचालन के लिए स्व-सहायता समूहों को भी समानांतर रूप से प्रशिक्षण दिया जाए । उन्होंने सुपुर्द के लिए शेष रह गई योजनाओं को भी अतिशीघ्र समूहों को सौंपने के निर्देश दिए। भयड़िया ने निर्देश दिए कि पीएचई विभाग ग्राम पंचायतों से समन्वय कर कार्य में तेजी लाए । उन्होंने कहा कि भोपाल संभाग की ग्रेडिंग प्रदेश में पहले स्थान पर हो ऐसे प्रयास किए जाएं । उन्होंने ग्रामों की रह गई जल निगम की योजनाओं के लिए पुन: प्लान तैयार करने के निर्देश दिए । उन्होंने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन का कवरेज 100 फीसदी होना सुनिश्चित करें । उन्होंने जल जीवन मिशन के लिए पानी के स्त्रोत तैयार करने में भी गंभीरता बरतने और पाइप लाइन डालने के लिए निर्धारित मापदंड अपनाने के निर्देश दिए हैं । बैठक में पूर्व से चल रही नल-जल योजनाओं की भी समीक्षा की गई । कमिश्नर ने पानी के स्त्रोत असफल होने से बंद योजनाओं के लिए 15 दिवस में नया स्त्रोत स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर निजी स्त्रोत के अधिग्रहण के लिए संबंधित एसडीएम को प्रस्ताव भेजकर स्त्रोत अधिग्रहित करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को हर हाल में पेयजल सुनिश्चित किया जाए। हैंडपंप संधारण कार्य की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि खराब हैंडपंप के सुधार के लिए हैंडपंप मैकेनिक से संपर्क के लिए उनके मोबाइल नंबर पंचायत भवनों पर लिखवाए जाएं ।

## महापौर के निर्देश पर चला स्वच्छता अभियान

**भोपाल ।** महापौर मालती राय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाए रखने व अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्र. 17 के स्वास्थ्य अमले ने वार्ड क्र. 75 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मंगलवार को द्वितीय पाली में लगभग 200 सफाई मित्रों एवं उपलब्ध उपकरणों व अन्य संसाधनों के माध्यम से वार्ड क्र. 75 के सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई की और कचरा आदि को तत्काल उठवाकर निष्पादन स्थल पहुंचाया गया। लगभग 03 घण्टे में सम्पूर्ण वार्ड क्षेत्र की बेहतर साफ-सफाई की गई इस दौरान निगम अमले ने नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने एवं अपने शहर भोपाल को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने का आव्हान भी किया। अभियान के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्र. 17 श्री रामरतन लोहिया सहित जोन के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों के दरोगा व स्वच्छता सुपरवाईजर भी मौजूद रहे। प्रतिदिन जोन 17 के अन्य वार्डों में यह अभियान चलाया जाएगा।



## तनाव से बचने के लिए सदैव खुश रहना सीखें: डॉ. दिलीप नलगे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुम्बई के हेल्थ कौसिलर डॉ. दिलीप नलगे ने कहा कि सदैव खुश रहने के लिए अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाएँ तथा यह सोचें कि जो हो रहा है वह कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि तनाव को पूरी तरह खत्म करना सम्भव नहीं है किन्तु तनाव प्रबन्धन के द्वारा तनाव को कम करके इसके दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। डॉ. नलगे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा मेरी गोल्ड गार्डन, लालघाटीमें आयोजित कर लो स्वास्थ्य मुट्ठी में के तीसरे दिन सकारात्मक विचार और स्वास्थ्य विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने तनाव को खत्म करने का सबसे बढ़िया इलाज राजयोग मेडिटेशन को बतलाते हुए कहा कि इससे आत्मा को पूरा आराम मिलता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर परिस्थिति में खुश रहना सीखें और मेडिटेशन के माध्यम से अपनी आन्तरिक क्षमता को बढ़ाएँ। उन्होंने बतलाया कि तनाव दो प्रकार




के होते हैं- पाजिटिव और निगेटिव। पाजिटिव स्ट्रेस जीवन के लिए आवश्यक है क्योंकि यह हमें मोटिवेट करता है। हम प्रेरणादायी स्लोगन्स और महापुरूषों के फोटो अपने सामने रख सकते हैं ताकि दिन भर हमें प्रेरणा मिलती रहे। पाजिटिव स्ट्रेस के कारण हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ जाती है।

उन्होंने आगे बतलाया कि हमारा मन चार चीजों से मिलकर बना है- विचार, भावनाएँ, दृष्टिकोण और स्मृति अथवा यादें। मन और शरीर के बीच गहरा अन्तर्सम्बन्ध है। इसीलिए मन के विचारों के साथ -साथ जीवन की विभिन्न परिस्थितियों, घटनाओं, व्यक्ति और वस्तुओं के प्रति हमारा दृष्टिकोण तथा पुरानी यादें हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करती हैं।

उन्होंने अवगत कराया कि मन में विचार उत्पन्न होने पर हायपोथेलामस जो कि मस्तिष्क का मुख्य भाग है, से रसायन निकलने लगते हैं। इन्हीं रसायनों के माध्यम से हायपोथेलामस द्वारा संकल्पों की सूचना बहुत ही तीव्र गति से शरीर के विभिन्न अंगों में संचारित होती है। इस प्रकार मन और शरीर के बीच हायपोथेलामस संचार माध्यम की तरह काम करता है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक विचार उत्पन्न होने पर हायपोथेलामस से न्यूरोपेप्टाइड्स निकलते हैं, जो कि मात्र एक सेकण्ड मे शरीर की विभिन्न कोशिकाओं तक पहुँच जाते हैं। जिससे लीवर में आपात स्थिति के लिए संचित कर रखे गए ग्लूकोज का क्षय होता है।

# जनपद पंचायत फंदा की समीक्षा बैठक संपन्न



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋतुराज सिंह ने जनपद पंचायत फंदा की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फंदा को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरा गाड़ी का प्रतिदिन संचालन किया जाए और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सीईओ को निर्देश दिए कि टैक्स कलेक्शन पर विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत फंदा के उपयंत्री, पंचायत सचिव अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवों के वेतन रोकने के आदेश जारी

भोपाल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋतुराज सिंह ने ग्राम पंचायत रातीबढ़ मंम पदस्थ सचिव सतीश नामदेव का 15 दिवस का वेतन काटने एवं ग्राम पंचायत बगरोदा, परवलिया सड़क, खौरी, आदमपुर छावनी में पदस्थ सचिव का एक माह का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। जनपद पंचायत फंदा की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन एवं मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा में ग्राम पंचायत रातीबढ़ में पदस्थ सचिव श्री सतीश नामदेव को कार्य में समयावधि में पूर्ण नहीं करने पर 15 दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए है। जीपीएस रिपोर्ट की जानकारी गलत पाए जाने पर ग्राम पंचायत बगरोदा, परवलिया सड़क, खौरी, आदमपुर छावनी में पदस्थ सचिवों का एक माह का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं।

# स म्पा द की य

## संसद की उपलब्धि

संसद में इस बार बहुत अधिक हंगामा भले ही न हुआ हो, परंतु फिर भी संसद का शीतकालीन सत्र एक सप्ताह पहले ही स्थगित कर दिया गया। बीत रहे साल में संसद में हंगामा अधिक, मुद्दों पर बहस कम ही हुई है। आर्थिक हालात और रोजगार के मुद्दे उठाए गए, महंगाई और किसानों के मुद्दे छाये रहे। यह बात और है कि कोई सकारात्मक परिणाम सामने आते नहीं दिखे।

संसद आए आंकड़ों के अनुसार कोविड की लहर के साथ ही स्वास्थ्य के लिए आवंटन वर्ष 2017-18 के 47,353 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 83,000 करोड़ रुपये किया गया है, फिर भी लोग निजी अस्पतालों पर अधिक निर्भर हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के लिए वित्त आयोग ने स्थानीय निकायों को 70,051 करोड़ रुपये का अनुदान दिया, पर स्वास्थ्यकर्मियों की कमी को दूर नहीं किया। केंद्र द्वारा प्रबंधित देश भर के 11 प्रमुख अस्पतालों और संस्थानों में डॉक्टरों के स्वीकृत 74,813 पदों में से 30,512 पद रिक्त हैं, जो ज्यादातर दिल्ली के बाहर नए एम्स अस्पतालों में हैं। भारत की मौजूदा 1.4 अरब की आबादी के लिए 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर तथा 5.6 लाख आयुष डॉक्टर हैं और प्रति 1,000 लोग पर दो नर्सें हैं। जिला



अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों के 18,900 से अधिक पद खाली हैं। इसके अलावा पैरामेडिक्स, फार्मासिस्ट और टेक्निशियन के पद भी खाली हैं।

बेरोजगारी के मुद्दे पर निरंतर बहस चली, पे रिसर्च यूनिट की एक रिपोर्ट के हवाले से सरकार ने खुलासा किया कि केंद्र सरकार के विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में 9.79 लाख पद खाली पड़े हैं। रक्षा, गृह, रेलवे, डाक और राजस्व मंत्रालयों में पांच लाख से अधिक रिक्त पद हैं। हालांकि विगत अक्तूबर में प्रधानमंत्री ने 18 महीनों में 10 लाख लोगों की भर्ती के लिए रोजगार मेला शुरू किया। लेकिन इस लक्ष्य को व्यवस्थागत उदासीनता ने चुनौती दी है।

पिछले हफ्ते सरकार ने संसद को बताया कि वर्ष 2020-21 और 2021-22 के बीच 20,000 से अधिक स्कूल बंद हो गए हैं और भारतीय स्कूलों में शिक्षकों की संख्या में 1.89 लाख की गिरावट आई है। इसका पहले से ही खराब शैक्षणिक व्यवस्था पर प्रभाव पड़ना लाजिमी है।

कौशल विकास कार्यक्रमों के बावजूद बढ़ती अर्थव्यवस्था को कुशल लोगों की जरूरत है। श्रम मंत्रालय की संसद की स्थायी समिति के एक संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 30 जून, 2022 तक पीएम कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई)-3 के तहत प्रशिक्षित 3.99 लाख प्रमाणित उम्मीदवारों में से केवल 30,599 को ही नौकरी मिली। पीएमकेवीवाई में कुल 91.38 लाख प्रमाणित उम्मीदवारों में से मुश्किल से एक चौथाई या 21.32 लाख लोगों को रोजगार मिला था। श्रम मंत्रालय की नीति और कार्यान्वयन की देख-रेख करने वाली समिति ने पाया कि मई, 2022 तक देश में आईटीआई में संकायों के 1.99 लाख मंजूर पदों में से 1.29 लाख पद खाली पड़े थे।

दिवालिया कानून लागू करने को आर्थिक सुधारों में मील का पत्थर बताया गया था। लेकिन आईबीसी के जरिये बैंकों में बुरे ऋण की सफाई की सफलता नेशनल कंपनी लॉ ब्यूनल यानि एनसीएलटी में लंबित मामलों की संख्या बढ़ी है। संसद में पेश आंकड़े विगत 31 अक्तूबर तक एनसीएलटी में 12,871 मामले लंबित थे। दिसंबर, 2021 तक, 444 मामलों में आईबीसी प्रक्रिया से 7.54 लाख करोड़ रुपये में से 2.5 लाख करोड़ रुपये वसूल किए गए हैं। पिछले पांच वर्षों में बैंकों ने 10,09,511 करोड़ रुपये को बट्टे खाते में डाल दिया। ग्रामीण भारत की बात करें तो ग्रामीण विकास पर स्थायी समिति ने पाया कि पंचायतों को पंचायत भवनों के निर्माण, कंप्यूटरीकरण और तकनीकी जनशक्ति के लिए धन की भारी कमी है। तय मानदंडों का पालन नहीं किए जाने के कारण धन आवंटित नहीं किया गया। मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में तो जिला और जनपद पंचायत सदस्यों को दी जाने वाली विकास राशि ही बंद है।

इस साल उद्योगपति साइरस मिस्त्री का निधन भारतीय राजमार्गों पर यातायात के खतरे का प्रमाण है। दुर्घटनाओं के कारणों में से एक खराब तरीके से बनाई गई सड़कें हैं। हमारे देश में हर साल डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं, लेकिन सड़क परिवहन मंत्रालय का ट्रांसपोर्ट रिसर्च विंग सड़क इंजीनियरिंग दोषों के आधार पर हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का संकलन नहीं करता है। वर्षों से एक के बाद एक आने वाली सरकारों ने सड़कों पर 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को प्रतिबंधित करने की वकालत की है, लेकिन दुर्घटना के तकनीकी कारणों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। करीब 1.28 लाख वाहन के स्क्रैप (बेकार) हो जाने की आशंका है। सवाल उठता है कि सरकार के पास कितनी वाहनें हैं। इस बीच वाहनों को स्क्रैप किए जाने का फैसला विभागों पर छोड़ दिया गया है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो संसद के दोनों ही सदनों में पिछले साल मुद्दे आए तो पर ठीक से बहस नहीं हुई और न ही कोई नतीजा निकला। सरकार ने जो कदम उठाए, या बजट को लेकर भी पर्याप्त बहस नहीं हुई। हंगामों और तकरार के चलते कार्यवाही बाधित के दौर चलते रहे। इस बीच सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली पहुंची, इसके पहले ही सत्र का समापन हो गया। आलोचनाओं और विरोध के दौर जारी है। हां, मुद्दे लगभग जस के तस ही हैं।

कांग्रेस स्थापना दिवस विशेष

## कांग्रेस का सेवा, संघर्ष, त्याग और बलिदान का इतिहास है



सुरेश पचौरी

कांग्रेस का सेवा] संघर्ष] त्याग और बलिदान का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह इतिहास है देश की जनता की सेवा करने का] यह इतिहास है देश को आजादी दिलाने का और यह इतिहास है देश के नवनिर्माण का। 28 दिसम्बर 1885 को श्री ए.ओ.हयूम की पहल पर बम्बई (अब मुंबई) के गोकुलदास संस्कृत कालेज मैदान में देश के विभिन्न प्रांतो के राजनैतिक एवं सामाजिक विचारधारा के लोग एक मंच पर एकत्रित हुए। यह राजनैतिक एकता, एक संगठन में तब्दील हुई, जिसका नाम 'कांग्रेस' रखा गया। श्री डब्ल्यू.सी.बैनर्जी कांग्रेस के पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में देश में सामाजिक सद्भाव का नया वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। श्रीमती ऐनी बेसेंट, लाला लाजपत राय] गोपालकृष्ण गोखले] लोकमान्य तिलक, सुभाष चन्द्र बोस] सरदार वल्लभ भाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसे महान नेताओं ने समय-समय पर कांग्रेस का नेतृत्व किया।

कांग्रेस को युगपुरूष महात्मा गांधी का नेतृत्व मिला। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और जनआंदोलन के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन को जनमन का रूप दिया। महात्मा गांधी ने अहिंसा, सर्वधर्म समभाव और रचनात्मक कार्यक्रमों के द्वारा सामाजिक क्रांति की शुरुआत की। उनके नेतृत्व में न सिर्फ आजादी का आंदोलन अपने निर्णायक दौर में पहुंचा बल्कि कांग्रेस को व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ। ÷स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगेह्य÷ के जयघोष ने सोते हुए राष्ट को झकझोर दिया।÷तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा÷ के नारे ने भारत की नौजवान पीढ़ी को आंदोलित किया और÷करो या मरो÷ तथा÷अंग्रेजो भारत छोड़ो÷ के आवाहन पर भारत की जनता ने अपना तन-मन और जीवन न्यौछावर कर दिया।

किसी भी संस्था का इतिहास उसके सदस्यों एवं उसके नेतृत्व की गौरवगाथा होता है। कांग्रेस के नेताओं ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपनी शहादत दी है। भारत के बटँवारे के समय देश में फैले सांप्रदायिक हिंसा के जुनून के समय महात्मा गांधी ने अपनी शहादत दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत की आजादी की लड़ाई को साम्राज्यवाद के खिलाफ विश्वरव्यापी संघर्ष से जोड़ा। पंडित नेहरू ने सामाजिक समरसता को अमलीजामा पहनाया। प्रधानमंत्री के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक एवं मजबूत भारत की नीव रखी। नेहरूजी के बाद श्री लालबहादुर शास्त्री ने सत्ता की बागडोर संभाली शास्त्रीजी ने 'जय जवान जय किसान' के नारे से पूरे देश में नया जोश भर दिया।



शास्त्रीजी के बाद इंदिराजी ने एक दूरदर्शी कुशल शिल्पी की भांति समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने का संकल्प व्यक्त कर उसे 20 सूत्रीय सामाजिक आर्थिक कार्यक्रम के द्वारा मूर्तरूप दिया। सन् 1969 में कांग्रेस का विघटन श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के शुद्धिकरण का महत्वपूर्ण अध्याय है। यह ऐसा दौर था जब देश में पुरातन और प्रतिगामी शक्तियों का आधुनिकता और प्रगतिशील शक्तियों से टकराव चल रहा था। इस अभियान में प्रगतिपक्ष का नेतृत्व श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया और अंततः प्रगतिपक्ष की जीत हुई। इंदिराजी ने गरीबी, बेरोजगारी और असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस की कार्यप्रणाली में कई बदलाव किये।

कांग्रेस ने अपने लम्बे इतिहास के दौरान जय और पराजय के काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। 1977-78 के दौरान कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज इंदिराजी का साथ छोड़कर सत्तारूढ़ जनता पार्टी में शामिल हो गये, लेकिन कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं का भरोसा इंदिराजी पर ही था। 2 जनवरी 1978 को इतिहास की पुनरावृत्ति हुई और कांग्रेस का पुनः विभाजन हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने दूरदर्शी कदम उठाते हुए नई पार्टी (कांग्रेस ई) बनाई और देश की जनता ने कांग्रेस ई को ही वास्तविक कांग्रेस मानकर इंदिराजी के नेतृत्व में विश्वा स प्रकट किया। इंदिराजी ने कांग्रेस को आम आदमी की आशाओं और आकांक्षाओं से जोड़ कर पार्टी को नई शक्ति प्रदान की। इंदिराजी ने कांग्रेस संगठन को क्षमतावान और शक्तिशाली बनाया। देश की एकता और अखण्डता के लिए इंदिरा जी ने अपना बलिदान दिया।

श्रीमती इंदिरा गांधी के बाद श्री राजीव गांधी ने कांग्रेस का नेतृत्व संभाला। राजीव गांधी भारत के समग्र विकास के प्रति संकल्पबद्ध राजनेता थे। भारत का विकास ही उनका एजेंडा था और विकसित आधुनिक भारत उनका सपना था। दुर्भाग्यवश कुछ समय बाद उनकी असमय मौत हो गई।

राजीवजी के अधूरे सपनों को पूरा करने का बीड़ा श्रीमती सोनिया गांधी ने उठाया और उन्होंने गांधीजी, इंदिराजी एवं राजीवजी की शहादत और राष्ट सेवा की उनकी विरासत को सहेजने-संवारने का संकल्प लिया। श्रीमती सोनिया गांधी के असाधारण व्यक्तित्व के प्रभाव एवं असंख्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के परिश्रम से केन्द्रीय सत्ता में कांग्रेस की 2004 में वापसी हुई। सत्ता के शिखर पर पहुंचकर अपनी अंतरात्मा की आवाज पर प्रधानमंत्री का पद त्यागकर श्रीमती सोनिया गांधी ने भारतीय राजनीति में एक अनुपम उदाहरण पेश किया और प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ-मनमोहन सिंह को सौंपी गई।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश के आम आदमी की भलाई की कई जनहितैषी योजनाएं बनाई। %सूचना का अधिकार% कानून बनाया, बच्चों के लिए %शिक्षा की गारंटी कानून% और %मध्याह्न भोजन योजना% बनाई %महात्मा गांधी नरेगा कानून% (मनरेगा) बनाया। %नेशनल रूरल हेल्थ मिशन% बनाया। %राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना% बनाई। %खाद्य सुरक्षा कानून% बनाया। देश के किसानों की लगभग 72 हजार करोड़ रुपयों की कर्ज माफी की एवं किसानों की उपज की एमएसपी की कीमत में बढ़ोत्तरी की।

जब-जब केन्द्र में गैर कांग्रेसी सरकारें सत्तारूढ़ हुई हैं, देश की अर्थव्यवस्था चरमराई है, जातिवादी, अवसरवादी और फिरकापरस्ती गठजोड़ मजबूत हुआ है। धर्मनिरपेक्षता के नैतिक मूल्यों को चोट पहुंची है और गरीबों, कमजोर वर्गों तथा अकलीयतों की भलाई के काम नहीं हुए। भाजपा शासनकाल में देश और समाज आज उन मुद्दों और विषयों के जाल में जकड़ गया है जो वास्तव में जनता के सवाल नहीं हैं।

आजादी की 75वीं सालगिरह पर देश के मौजूदा हालात के बारे में चिंतन करने के लिये काँग्रेस ने उदयपुर में ÷नवसंकल्प शिविर÷ आयोजित किया। इस शिविर में काँग्रेस पार्टी ने यह तय किया कि देश को विभाजित करने वाले आर्थिक] सामाजिक और राजनैतिक मुद्दों के खिलाफ जनजागरण अभियान शुरू किया जाए। निष्कर्ष के रूप में श्री राहुल गांधी की अगुवाई में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3500 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत हुई।

राहुल गांधी] भारत जोड़ो यात्रा के जरिये महात्मा गांधी के बताये रास्ते पर चल पड़े हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गांधीजी के दांडी मार्च की याद दिलाती है। संत विनोवा भावे की भूदान यात्रा की याद दिलाती है। श्रीमती इंदिरा गांधी की बेलछी यात्रा की याद दिलाती है। श्री राजीव गांधी की सद्भावना यात्रा की याद दिलाती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा याद दिलाती है कि काँग्रेस का रास्ता जोड़ने का है] सबको साथ लेकर चलने का है] सबके सुख-दुख में सहभागी होने का है।

श्री राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार हुआ है] कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी उंचा हुआ है। वक्त का तकाजा है कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे।

अपने स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस को अपने गौरवपूर्ण अतीत के सिंहावलोकनए वर्तमान में आत्मावलोचन और उज्वल भविष्य के चिंतन की जरूरत है। अडिग संकल्प, स्पष्ट दिशा और मजबूत इरादों के साथ वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस को मदांध सत्ता की चुनौती के सामने खड़ा होना है। वक्त का तकाजा है कि बदली हुई परिस्थितियों में कांग्रेस संगठन के अनुभवी नेताओं व ऊर्जावान युवा नेताओं में सामान्जस्य बना रहे।

आवश्यकता है कि कांग्रेस अपने ऊर्जावान] संकल्पवान नेता श्री राहुल गांधी की मंशानुसार जनता से जीवंत संपर्क बनाए रखे व जनसमस्याओं के समाधान हेतु संघर्षरत रहे। 28 दिसम्बर 1985 से लेकर आज तक कांग्रेस ने लंबी यात्रा तय की है। कांग्रेस के इतिहास में चिंतन] त्याग] बलिदान] संघर्ष और निर्माण की गाथा है।

**(लेखक भारत सरकार में रक्षा उत्पादन, कार्मिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे हैं।)**

## काबुल में तालिबान का अतिवाद

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पिछले साल काबुल में तालिबान की सरकार कायम हुई तो मुझे आशा थी कि पिछली तालिबानी सरकार की तुलना में यह सरकार अधिक उदार और समझदार होगी। काबुल और दोहा के कई तालिबानी नेताओं से मेरा संपर्क भी हुआ। पुराने तालिबान भी इस बार काफी संयत लगे। नए तालिबान नेता, जो विदेशों में पले-बढ़े हैं, उनकी पृष्ठभूमि देखते हुए लगता था कि वे अपने बुर्जुगों की गल्तियों से कुछ सीखेंगे। इसी आशा में भारत सरकार ने हजारों टन अनाज और दवाइयां काबुल भिजवाईं और अपने दूतावास को भी सक्रिय कर दिया। कुछ माह तक लगता रहा कि ये नए तालिबान पश्तूनी आर्य परंपरा का पालन करेंगे। वे स्त्रियों की समानता और शिक्षा के मामले में प्रगतिशील रूख अपनाएंगे। शुरु में उन्होंने कुछ ढील दी भी लेकिन अब उन्होंने औरतों के लिए बुर्का अनिवार्य कर दिया है। कोई भी औरत अकेली घर के बाहर नहीं निकल सकती। सारे स्कूलों और कालेजों में स्त्री-शिक्षा बंद हो गई है। सरकारी दफ्तरों से औरत कर्मचारियों की छुट्टी कर दी गई है। इनके कारण अफगानिस्तान में आजकल कोहराम मचा हुआ है।

बादशाह ज़ाहिरशाह का 55 साल पहले का वह जमाना मुझे याद है जब काबुल विश्वविद्यालय में मेरे साथ ढेरों लड़कियां पढ़ती थीं, दर्जनों महिला प्रोफेसर सक्रिय थीं और सरकारी दफ्तरों में महिलाएं स्कर्ट और ब्लाउज पहने बेधड़क काम करती थीं। बादशाह अमानुल्लाह के ज़माने (1909) से आधुनिकीकरण की ऐसी लहर अफगानिस्तान में चली थी कि उसके सामने सारे इस्लामी मुल्क फीके पड़ गए थे। हर अफगान गर्व करता था कि वह प्राचीन आर्य सभ्यता का संवाहक है। काबुल का आसामाई मंदिर, बामियान की बुद्ध प्रतिमा, जलालाबाद की बौद्ध गुफाएं और कई जैन-अवशेष मैंने स्वयं जाकर देखे थे। अफगान सरकार के कई उच्च पदों पर उन दिनों कई हिंदू, सिख और शिया लोग प्रतिष्ठित थे लेकिन अब तो इस्लाम में गहरी आस्था रखनेवाले लोग भी अफगानिस्तान छोड़कर बाहर भाग रहे हैं।

भारतीय दूतावास में वीज़ा की हजारों अर्जियां आ गई हैं। अफगानिस्तान में आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मदद बहुत कम आ रही है। पाकिस्तान से भी तालिबान के संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। इस्लाम के कुछ भारतीय और पाकिस्तानी विद्वानों का कहना है कि ये तालिबान स्त्री-सम्मान की महान इस्लामी परंपराओं को भी नहीं जानते। स्त्रियों को दरकिनार करनेवाले तालिबान अपने आप को पाकिस्तान, सउदी अरब और यू.ए.ई. से भी ज्यादा इस्लामपरस्त मानने लगे हैं।

इन मुस्लिम देशों ने भी उन्हें अभी तक कूटनीतिक मान्यता नहीं दी है। यदि तालिबानी जुल्म इसी तरह जारी रहा तो कोई आश्चर्य नहीं कि उन्हें सख्त बगावत का सामना करना पड़ जाए। ईरानी औरतों ने अपनी सरकार की नाक में दम कर रखा है। यदि वैसी ही बगावत काबुल में शुरु हो गई तो भारत-जैसे राष्ट्रों को भी अपनी अफगान-नीति पर पुनर्विचार करना होगा।

## ऐसे बोलने से पहले देश हित सोचिये

**राकेश दुबे**

भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का शिवमोगा कर्नाटक में दिया गया भाषण इतना वायरल हो गया है कि उसके बारे में चर्चा करना उचित नहीं है। देश में ऐसे बयानों का सिलसिला राजनीति में फैशन बन गया है। देश के सबसे पुराने दल के गौरव पाधी भी ऐसा ही कुछ कह कर वापिस मुकर चुके हैं। भोपाल की सांसद के एक पूर्व बयान से प्रधानमंत्री तक पहले पल्ला झाड चुके हैं। ऐसे बयानों की तह में जाने पर पता लगता है, राजनीतिक दलों में कहीं भी सामान्य शिष्टाचार का प्रशिक्षण नहीं है, नेताओं का देश की मूल समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है, उन्हें सिर्फ थुक्का फजीहत में मजा आता है। इस विषय पर और ज्यादा लिखना उस जमात में शामिल होना है, जिसे सभ्य और समझदार नहीं कहा जा सकता।

देश प्रथम है, आप किसी भी राजनीतिक विचार के समर्थक हो सकते हैं,पर देश, उसकी समस्याएं और समाधान हेशा केंद्र में होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि किसी देश की तरक्की का एक पैमाना है कि उसका कोई नागरिक भूखा न सोये। यह सत्ताधीशों और प्रतिपक्ष की जवाबदेही है। आदर्श स्थिति तो यह है कि हर हाथ को काम मिले और व्यक्ति को किसी राहत योजना का मोहताज न होना पड़े। भारत जैसे देश में जहां आर्थिक असमानता चरम पर है और जातिवादी दुराग्रहों से सामाजिक न्याय की अवधारणा सिरे नहीं चढ़ सकी, वहां परिस्थितियां कमजोर वर्ग को राहत की मांग करती हैं।दुर्भाग्य ये विषय इन दलों की प्राथमिकता में नहीं हैं।

इतिहास गवाह है - विभाजन, विस्थापन, प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं व महामारियों के चलते लाखों आबाद लोग सड़कों पर आ गये थे और आ रहे हैं। साल-दर-साल आने वाली प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, सूखा व अन्य प्रकोप गरीबों की संख्या में इजाफा करते हैं। यही वजह है कि अपने भरण-पोषण के दायित्व का निर्वहन न कर सकने वालों को सरकारी मदद की दरकार होती है, सरकार दोनों पक्षों का सम्मिलित नाम है । यह विषय सरकारों की संवैधानिक बाध्यता भी है। कमोबेश इसी दायित्व के निर्वहन हेतु देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का क्रियान्वयन हुआ। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक निर्धन व्यक्ति को हर माह पांच किलो अनाज मुफ्त मुहैया कराने की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर अत्यधिक निर्धन परिवारों के भरण-पोषण के लिये बनी अंत्योदय योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को पैंतीस किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। लेकिन जहां खाद्य सुरक्षा के तहत दिये जाने वाले अनाज के लिये प्रतीकात्मक कीमत देनी पड़ती थी, वहीं अंत्योदय योजना में दिये जाने वाला अनाज मुफ्त ही दिया जाता है। लेकिन देशव्यापी कोरोना संकट के बाद जब विषम परिस्थितियों के चलते व्यापक रोजगार संकट पैदा हुआ तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के जरिये भूख के संकट का समाधान निकालने का प्रयास किया गया। जिसका समय कालांतर बढ़ाया भी गया। अब सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को विराम दे दिया है, दुर्भाग्य इन विषयों पर देश का प्रतिपक्ष चुप है। लेकिन वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत दिये जाने वाले अनाज के वितरण की समय सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। जो मुफ्त मिलेगा।जरा सोचिये, इसका लक्ष्य क्या है ? शायद अगला चुनाव।

कहने को कहीं न कहीं सरकार की मंशा है कि कोरोना संकट काल में प्रारंभ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के बंद होने से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य प्रभावित न हों। भूख और गरीबी देश में बड़ा राजनीतिक मुद्दा हमेशा से रहा है। यही वजह है कि सरकार कह रही है कि इस योजना का लाभ देश के इक्यासी करोड़ से अधिक लोगों को मिलेगा। इस पर जो भारी-भरकम खर्च आएगा, उसे सरकार वहन करेगी। क्या पक्ष- प्रतिपक्ष की प्राथमिकता यह विषय नहीं होना चाहिए।

एक और हकीकत। कोरोना दुष्काल के चलते लगाये गये प्रतिबंधों व अन्य कारणों से देश में जो रोजगार संकट पैदा हुआ, अभी फिर कोरोना की चेतावनी मिल रही है। देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी हुई है। ऐसे में गरीबी की रेखा के नीचे पहुंचे लोगों को संबल देना जरूरी है , गैर जरूरी, भ्रामक और विध्वंसक बयान रोके जाना चाहिए ।आज जब विश्व भुखमरी सूचकांक में भारत की स्थिति में गिरावट देखी जाती रही है। ऐसे में आधी से अधिक आबादी को मुफ्त अनाज लंबे समय तक उपलब्ध करा पाना मुश्किल ही रहेगा। वह भी तब जब ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल के दामों में वृद्धि से आयात बढ़ा है और निर्यात में गिरावट आई है। ऐसे में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देश की पचास प्रतिशत शहरी व 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को अनाज उपलब्ध कराना यह भी संकेत है कि एकांगी विकास समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने में विफल रहा है। हर हाथ को काम उपलब्ध कराने और सरकारी राशन पर लोगों की निर्भरता कम करने के लिये व्यापक रणनीति बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए सबको सोचन होगा तभी सही मायनों में देश तरक्की कर पायेगा। थुक्का फजीहत में कुछ नहीं रखा है, देश के सामने मौजूदा समस्या पर सोचिये, संकट और मत बढ़ाइये।

## नेपालः कुर्सी ही ब्रह्म है

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

लगभग हजार साल पहले राजा भर्तृहरि ने राजनीति के बारे में जो श्लोक लिखा था, नेपाल की राजनीति ने उसकी सच्चाई उजागर कर दी है। उस श्लोक में कहा गया था- 'वारांगनेव नृपनीतिरनेकरूपाः' अर्थात राजनीति वेश्याओं की तरह अनेकरूपा होती है याने वह मौके-मौके पर अपना रूप बदल लेती है। नेपाल में कल तक पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' और शेरबहादुर देउबा मिलकर सरकार बना रहे थे लेकिन अब प्रचंड और के.पी.ओली आपस में अचानक मिल गए हैं और वे अब अपनी सरकार बना रहे हैं। ये तीनों बड़े नेता तीन पार्टियों के संचालक हैं। पहली नेपाली कांग्रेस है और शेष दो कम्युनिस्ट पार्टियाँ हैं। ये तीन पार्टियाँ एक-दूसरे की भयंकर विरोधी रही हैं। इनके कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे की हत्याएं भी की हैं और इन्होंने एक-दूसरे से मिलकर सरकारें भी बनाई हैं और अनबन होने पर बीच में ही वे सरकारें गिरती भी रही हैं। याने कुर्सी ही ब्रह्म है, सिद्धांत और नीति मिथ्या हैं। अब प्रचंड प्रधानमंत्री बने रहेंगे, पहले ढाई साल तक और शेष ढाई साल के.पी. ओली बनेंगे। यदि प्रचंड को देउबा अपने से पहले प्रधानमंत्री बनने देते तो वे दुबारा प्रधानमंत्री बन सकते थे लेकिन पिछले चुनाव में उनकी नेपाली कांग्रेस को 89 सीटें मिलीं और प्रचंड की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें। नेपाली कांग्रेस प्रचंड की पार्टी को संसद का सिर्फ अध्यक्ष पद देना चाहती थी लेकिन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद खुद के पास रखना चाहती थी। इसीलिए प्रचंड ने आनन-फानन अपने प्रतिद्वंदी कॉमरेड ओली को पटाया और उनकी पार्टी के 78 सदस्यों तथा अन्य पार्टियों के सदस्यों को जोड़कर 168 सदस्यों का गठबंधन खड़ा कर लिया। 275 सदस्यों की संसद में इस गठबंधन का स्पष्ट बहुमत हो गया। लेकिन अब सवाल यही है कि यह सरकार चलेगी कब तक? नेपाल में सरकारों का कार्यकाल इधर जितना छोटा होता गया है, शायद उतना किसी भी देश में नहीं रहा है। यह सरकार भी कैसे चलेगी? प्रधानमंत्री प्रचंड के 32 सदस्य हैं और ओली के 78 सदस्य! ओली जब चाहेंगे, प्रचंड की कुर्सी खींच लेंगे या उन्हें अपने चिमटे से दबाए रखेंगे। कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ माह में ही हम काठमांडो में नए गठबंधन को उभरते हुए देख लें। जो भी हो, प्रचंड और ओली के गठबंधन से यदि सबसे ज्यादा खुशी किसी को होगी तो वह चीन को होगी। दोनों ही चीन के समर्थक हैं। ओली ने तो तीन भारतीय क्षेत्रों को अपने नए नक्शों में नेपाली बता दिया था। यह सीमा-विवाद तो तूल पकड़ ही सकता है, 1950 की भारत-नेपाल संधि भी एक विवादग्रस्त मुद्दा है। दोनों नेता जब एक दशक तक सत्ता-विरोधी हिंसक संघर्ष में जुटे हुए थे, तब उन्होंने भारत पर भी जमकर वार किए थे। अब दोनों एक होकर, देखिए क्या करते हैं? लेकिन भारत को अपने राष्ट्रहितों की रक्षा के लिए अभी विशेष सतर्क रहना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## ट्रांसपोर्ट नगर की समीक्षा, जल्द पूरा हो निर्माण कार्यः विधायक



**रतलाम।** शहर के बाहरी क्षेत्र में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य की समीक्षा विधायक चेतन्य काश्यप ने की। इस दौरान कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। विधायक चेतन्य काश्यप ने ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वही शहर में जहां नई सड़क का निर्माण कार्य होना है, वहां बाधक बन रहे अतिक्रमण हटाए जाने की चर्चा हुई। ट्रांसपोर्ट नगर के संबंध में निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से विधायक काश्यप द्वारा अब तक किए गए कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि तय समय सीमा में ट्रांसपोर्ट नगर का कार्य पूरा करे, जिससे शहर में भारी वाहनों के यातायात का दबाव कम होगा, जिससे हादसों की संभावना भी कम होगी। भारी वाहनों का दबाव नहीं रहने से सड़कें सुंदर और चौड़ी नजर आएगी। बैठक के दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, आर.डी.ए. कार्यपालन यंत्री पी.के. खरत, पी.आई.यू. कार्यपालन यंत्री श्री हरित एवं आर्किटेक्ट पायल कपूर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जी-20 समिट के लिए सौंदर्य का रूप ले रहा खजुराहो

**छतरपुर,।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में प्रस्तावित जी-20 समिट के लिए खजुराहो व्यापक रूप से सौंदर्य का रूप ले रहा है। 20 देशों के आने वाले अतिथियों के स्वागत सत्कार के लिए खजुराहो सहित पूरे जिले में आमजन में खास उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में खजुराहो में प्रतिदिन नगरपरिषद द्वारा जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही चंदेलकालीन एवं अन्य तालाबों सहित चौराहा, मार्गों सहित वार्डों में भी स्वच्छता अभियान चलाकर एवं रंगरोगन, फूल फुलवारी, लाइटिंग आदि के माध्यम से खजुराहो को सौंदर्य का रूप दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी से अपने आसपास स्वच्छता की अलख जगाने की अपील की गई है।

## उप निर्वाचन हेतु मतदानकर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 29 को

**छतरपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण (स्था. निर्वा.) ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2022 (उत्तरार्द्ध) हेतु पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी पी-1, पी-2, पी-3, पी-4 अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक शासकीय उ.मा.वि. क्र. 02 छतरपुर के कक्ष क्रमांक 5, 6, 7, 8, 11, 21 एवं 22 में होगा। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों की संख्या 344 है। प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण स्थल पर कोविड-19 से सुरक्षा हेतु मास्क पहनकर उपस्थित होंगे। प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कोविड से निपटने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का किया गया मॉकड्रिल

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर मंगलवार को कोविड-19 वायरस से एहतियात परिस्थितियों से निपटने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समग्र आवश्यक तैयारियों को लेकर सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. अहिरवार के नेतृत्व में जिला अस्पताल छतरपुर में डॉक्टरों की टीम द्वारा मॉकड्रिल किया गया। अस्पताल में कोविड-19 आइसोलेशन के सभी वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट के क्रियाशील होने, वार्डों के ऑक्सीजन प्वाइंट, कंसंट्रेटर, वेंटिलेटर, वाइपप-सीपेप, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित आवश्यक दवाएं आदि का कोविड-19 से पीड़ित मरीज का उपचार करने का मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान नोडल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पुलिस और प्रशासन की संयुक्त चौपालें आयोजित होंगी




**बैतूल।** जिला प्रशासन ग्रामीणों की समस्याएं सुलझाने के लिए नवाचार करने जा रहा है। नव वर्ष 2023 में जनवरी माह से ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त चौपालें आयोजित की जाएंगीं। इन चौपालों में स्थानीय स्तर की समस्याओं का हल होगा। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि उक्त चौपालें ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय छोटे-छोटे विवादों को हल करने में सार्थक सिद्ध होगी। चौपालों के आयोजन का विधिवत रोस्टर जारी किया जाएगा। इन चौपालों में संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, तहसीलदार एवं पुलिस निरीक्षक शामिल होकर लोगों के विवादों का स्थानीय स्तर पर हल करेंगे। साथ ही राजी खुशी से उनके विवादों को सुलझाने का प्रयास होगा। किसी मामले में जांच रिपोर्ट की आवश्यकता होगी तो वह भी मौके पर प्रस्तुत की जाएगी। प्रयास यह होगा कि मार्च माह तक समूचे जिले में उक्त चौपालों का आयोजन संपन्न हो जाए। कलेक्टर ने बताया कि पेसा एक्ट प्रभावशील क्षेत्रों में ग्राम सभाओं में दर्ज प्रकरणों एवं उनके निराकरण की स्थिति की भी चौपालों के दौरान जानकारी ली जाएगी। आवश्यकता होने पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी ग्राम सभाओं में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में आवश्यक सहयोग करेंगे।

## विहिप की शौर्य यात्रा आज

**बैतूल।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में आज बुधवार को शौर्य यात्रा एवं बौद्धिक कार्यक्रम प्रांत संयोजक बजरंग दल सुशील सुड़ेले की उपस्थिति में किया जाएगा। विभाग सयोंजक कृष्णकांत गावंडे ने बताया कि न्यू बैतूल ग्रांउड कोठी बाजार में बौद्धिक कार्यक्रम 11 बजे से प्रारंभ होगा एवं 12 बजे पदयात्रा निकाली जाएगी जो लल्ली चौक, बस स्टैंड, राजा भोज चौक, शिवाजी चौक, तांगा स्टैंड, बाबू चौक, गंज मस्जिद चौक, दिलबहार चौक, भगत सिंह चौक, अंडर ब्रिज, रामनगर, गर्ग कॉलोनी ने मुख्य मार्गो से होते हुए बडोरा ब्रिज से होते हुए कुन्बी समाज के मंगल भवन में होगा। शौर्य यात्रा बजरंग दल के गणवेश में निकलेगी जिसमें लगभग एक हजार बजरंगी कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

## ओबैदुल्लागंज में कोरोना महामारी की तैयारी से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया



**ओबैदुल्लागंज।** शासन के निर्देशानुसार विकासखंड ओबेदुल्लागंज अंतर्गत सिविल अस्पताल मंडीदीप, कोविड केयर सेंटर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न्यू बस स्टैंड मंडीदीप, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबेदुल्लागंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौहरगंज, में कोविड महामारी की तैयारी से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रमोद गुर्जर, ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर डॉ अरविंद सिंह चौहान, संस्था प्रभारी मंडीदीप डा. विवेक नागर., आईसीयू प्रभारी डा रंजीत सिंह ठाकुर, पीडियाट्रिक आईसीयू प्रभारी डा शलभ तिवारी, कोविड केयर सेंटर मंडीदीप प्रभारी डॉ शिवम जैन एवम सभी अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा.. मॉकड्रिल में अस्पताल की व्यवस्था संतोसजनक पाई गई.. वर्तमान में 10 विस्तर आईसीयू, 10 विस्तर पीडिट्रिक आईसीयू, 2 वेंटीलेटर, सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम के साथ सिविल अस्पताल मंडीदीप में उपलब्ध हे ...

सिविल अस्पताल मंडीदीप के साथ साथ विकासखंड ओबेदुल्लागंज अंतर्गत कॉविड महामारी हेतु पूर्व से संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडीदीप में लूपिन फाउंडेशन के सहयोग से बनाए गए 50 विस्तरित कोविड केयर सेंटर, विधायक निधि से भोजपुर विधायक जी द्वारा बनवाए गए 10,10 विस्तरीय सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबेदुल्लागंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौहरगंज, सिविल अस्पताल मंडीदीप एवम विधायक निधि से प्राप्त एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली एंबुलेंस का भी मॉक ड्रिल किया गया।

## श्री विद्यासागर गौशाला में बनने बनने बाले सड़क मार्ग का किया भूमिपूजन



**औबेदुल्लागंज,।** श्री विद्यासागर गौशाला भोजपुर में भोपाल के गुरु भक्त परिवार एवं रोड निर्माता समाजसेवी नील निलय जैन ने अपने पिता स्वर्गीय निलय जैन की स्मृति में गौशाला में रोड निर्माणकार्य का भूमि पूजन किया। इसका निर्माण भी नील निलय जैन के द्वारा ही कराया जा रहा है।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र भोजपुर के समस्त पदाधिकारी एवं जैन समाज उनके दान की अनुमोदना करते हैं।

यह भूमि पूजन कार्यक्रम अतिशय क्षेत्र भोजपुर के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप, गोशाला संयोजक संजीव जैन, कोषाध्यक्ष राजीव जैन, अमिताभ रमेश मनयाँ जैन, विनोद जैन मंडीदीप, अमित जैन, प्रमोद जैन, अतुल जैन, अक्षय जैन, सुरेन्द्र जैन छोटू, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस दौरान समस्त धार्मिक क्रियाएं रत्नेश जैन पुजारी ने कराई। कमेटी के अध्यक्ष दादा विमल राजदीप ने इस अवसर पर कहा कि नील जैन की जीव-दया के प्रति समर्पण की भावना का तहे दिल से भोजपुर कमेटी सम्मान करते हुए ईश्वर से कामना करते हैं कि वे अपने परिवार के साथ स्वास्थ, प्रसन्नचित्त, दीर्घायु, और यशस्वी होकर चिरकाल तक समाज की सेवा करते रहें।

ईश्वर की कृपा उन पर हैं और हमेशा बनी रहे ऐसी भावना भाते हुए एक बार पुनः नील जी एवं पूरे परिवार का धन्यवाद। इस अवसर पर नील जैन का शाल श्री फल से कमेटी द्वारा सम्मान भी किया। इस दौरान नील जैन ने कहा कि आज से यह गौशाला मेरी भी है और इसके उत्थान में किसी तरह की कमी नही आने दी जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने जिला चिकित्सालय में कोविड की तैयारियों का लिया जायजा

### स्वास्थ्य मंत्री ने आम नागरिकों से मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील



**सीहोर।** चीन में कोविड की लहर आने के बाद देश और प्रदेश में कोविड को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। जिले में कोरोना के संभावित खतरे से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए सुरक्षात्मक कदम उठाना भी शुरू कर दिए है इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोरोना से निपटने की तैयारियों की जांचने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम जिला चिकित्सालय पहुंचकर कोविड की तैयारियों का जायजा लिया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने निरीक्षण के दौरान कोविड मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए आईसीयू वार्ड, कोविड परीक्षण केन्द्र एवं रिपोर्टिंग कक्ष, ऑक्सीजन प्लांट, कॉविड से संबंधित दवा वितरण कक्ष तथा उपकरणों सहित एंबुलेंस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल के तहत दवाओं और कोविड से संबंधी सभी उपकरणों की उपलब्धता के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भले ही कोविड की लहर ना आए, लेकिन सभी आवश्यक तैयारी पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सभी उपकरणों को समय-समय पर चलाकर क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय के साथ ही उन्होंने जिले भर में कोविड को दृष्टिगत रखते हुए तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। प्रभारी मंत्री डॉक्टर चौधरी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि मास्क का उपयोग करें। विशेष रूप से जब वे भीड़भाड़ वाले इलाके में जाएं तो मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में अभी कोविड के नए वेरिएंट के मरीज नहीं है लेकिन सावधानी रखना आवश्यक है। उन्होंने अस्पताल परिसर में कुछ लोगों को मास्क भी लागये।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने प्रभारी मंत्री को जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी को जानकारी दी कि जिला अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं। अस्पताल में वर्तमान में 80 बिस्तरों की व्यवस्था है, जिसमें 52 बेड ऑक्सीजन युक्त है। इनमें 22 बेड आईसीयू में उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में 12 वेंटिलेटर तथा 950 कंसंट्रेटर उपलब्ध है। पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ ही कोविड मरीजों को लाने ले जाने के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में 1000 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गोपाल इंजीनियर तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा अनेक जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

शासकीय कन्या आवासीय स्कूल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्यांण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से पड़ाई के संबंध में तथा होस्टल में मिलने वाले भोजन तथा अन्य सुविधाओं के बारे विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्माट क्लास में पड़ रही छत्राओं से पड़ाई और भविष्य के लक्ष्य के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि वे मन लगाकर पड़ाई करें सफलता आवश्य प्राप्त होगी। उन्होंन शिक्षकों से स्माट क्लास के माध्यम से पड़ाई के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल इंजिनियर एवं नगपालिका अध्यक्ष श्री प्रिसं राठौर तथा अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग के जिला अधिकारी श्री हिरेन्द्र कुशवा भी उपस्थित थे।)

## गडरियानाला के पास डंपर में घुसी कार, नर्मदापुरम की पूर्व विधायक और ड्राइवर घायल



**सीहोर।** जिले के गडरिया नाला के पास ओबैदुल्लागंज-बैतूल फोर लाइन मार्ग पर कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री और नर्मदा पुरम की पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पूर्व विधायक की कार डंपर में पीछे से घुस गई।

हादसे में पूर्व विधायक सविता दीवान और उनके ड्राइवर को पैरों में चोटें आई है। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस और एनएचएआई का इमरजेंसी स्टाफ मौके पर पहुंचा, उन्हें बुधनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद सीधे भोपाल अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक सविता दीवान मंगलवार को कांग्रेस कमेटी कार्यक्रम में हाथ से हाथ जोड़ों में शामिल होने के लिए भोपाल से बैतूल जा रही थीं। गडरिया नाला के पास कार डंपर में पीछे से घुस गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### आदिल खान का चयन भोपाल अंडर-15 में

**सीहोर।** शहर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज आदिल खान का चयन भोपाल अंडर-15 में किया गया है। सिलेक्शन मैचों में प्रदर्शन के आधार पर टीम घोषित की गई। जिसमें शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी में खेलने वाले खान का चयन किया गया है।

## राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार बौद्ध द्वारा सोमवार 26 दिसम्बर को कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यक्रम अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। जिले के सूचकांकों से अवगत होते हुये उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रदर्शन में सुधार परिलक्षित किये जाने हेतु आवश्यक जानकारियां ली तथा अवरोधों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में सीएमएचओ द्वारा 27 दिसम्बर 2022 को कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिये आवश्यक तैयारियों से संबंधित मॉकड्रिल के आयोजन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गये। जिले में कार्यरत् स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या एवं स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने जिला चिकित्सालय में रक्त कोष में उपलब्ध रक्त, आपूर्ति एवं मांग के संबंध में रक्त कोष अधिकारी से चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिये। जिला क्षय अधिकारी से टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में जिले की जानकारी लेकर गोल्ड केटेगरी नामिनेशन के संबंध में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा कर निक्षय पोषण योजना संचालन एवं प्रायवेट नोटिफिकेशन संबंधी निर्देश दिये गये। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बेहतर कार्य कर समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। इस हेतु शीघ्र ही आशा सम्मेलन आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में बेहतर सुधार लाने हेतु अतिरिक्त सुपरविजन व्यवस्था बनाई जायेगी। नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी में संचालित किये जाने वाले आगामी बैच की जानकारी लेते हुये उन्होंने आवश्यक निर्देश प्राचार्या को दिये। 108 क्लस्टर लीडर से एम्बुलेंस वाहनों की दुरूस्ति एवं ऑनरोडस्थिति के सत्यापन के संबंध में निर्देशित किया। परिवार कल्याण कार्यक्रम में सर्जन की व्यवस्था हेतु चर्चा की गई। कुष्ठ कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान 30 जनवरी 2023 से संचालित किये जाने वाले पीओडी केम्प के संबंध में प्रचार-प्रसार कर बेहतर शिविर आयोजन हेतु निर्देश दिये गये।

## बाल विवाह रोकने चलाया जनजागरूकता अभियान

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में बाल विवाह रोकने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें गुब्बारों की सहायता से बाल विवाह रोकने के संदेश पत्र आसमान में भेजें गए जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। आगाज एलुमिनाई इंटर्न दुर्गेश कुमरे ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने संदेश पत्र लिखे गए थे। जिसमें संदेश के रुप में बाल विवाह नहीं करने और ना ही ऐसे विवाह का हिस्सा बनने की अपील की और साथ ही संदेश पत्र में बच्चों से जुड़ी किसी भी प्रकार कि शिकायत के लिए चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया। कार्यक्रम महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शीतल खरे की विशेष उपस्थिति में और कार्यक्रम को सफल बनाने में रासेयो स्वयंसेवक नवीन नागले, बालकिशोर अमरुते, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवी, आयुष घिड़ोडे, रामकिशोर इवने, रिया खातरकर, सुरभी जैन, शिवानी मोहबे, कविता वाडबुदे, गंगा बुडगारिया, पलक खातरकर, अंजली नागोरे, ललिता पांडे, किर्ति चढ़ोकर, श्रेजल सिसोदिया माधुरी गोहे का सराहनीय योगदान रहा।

### मानदेय में काटी गई राशि का अति शीघ्र किया जाए भुगतान

## आशा-उषा कार्यकर्ता महिला संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन




**बैतूल।** अपनी न्यायोचित मांगों के अब तक पूर्ण नहीं होने से नाराज जिले की आशा, उषा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश आह्वान पर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में जिला अध्यक्ष शबाना शेख ने बताया कार्यकर्ताओं को दिए मानदेय में काटी गई राशि का अति शीघ्र भुगतान किए जाने, आशा उषा कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने सहित अन्य लंबित मांगो को पूर्ण किए जाने एक बार पुनः जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने बताया प्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी संम्पूर्ण गतिविधयों एवं समस्त अभियानों को आम जनता के बीच सुचारु रूप से संचालित कर रही आशाओं, उषा को मिलने वाला वेतन बहुत कम है। स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आशा को वेतन 1800 रुपये के स्थान पर 15000 रुपये दिया जायेगा, जिस पर मिशन संचालक महोदय राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन द्वारा पारित प्रस्ताव पर सहमति बनी थी, लेकिन इसे आज तक लागू नहीं किया गया। संगठन ने अपनी लंबित जायज मांगों को पूर्ण करने अनेकों बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, लेकिन आज तक संगठन की मांग को पूर्ण नहीं किया गया। आशा, उषा कार्यकर्ता को 10 हजार रुपए निश्चित मानदेय दिया जाए, हमारी आशा, उषा कार्यकर्ता की ड्यूटी कार्य का समय निश्चित किया जाए, आशा, उषा कार्यकर्ता एएनएम और जीएनएम के पद पर अनुभव के आधार सर्व के पद पर अनुभव के आधार सर्वप्रथम प्राथमिकता आशा उषा कार्यकर्ताओं को दी जाए, जिसमें उम्र की सीमा बंधन न हो, ग्रामीण एवं शहरी आशा आशा-उषा कार्यकर्ताओं को समान मानदेय दिया जाए, कार्यकर्ताओं की सेवा काल के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर शासन द्वारा 5 लाख की अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाए, आशा, उषा कार्यकर्ता को सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त 10 लाख रुपये की राशि दी जाए, ताकि वृद्धावस्था के दौरान सुखी और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर सके। आशा, उषा कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा कोविड काल में किए गए कार्य की प्रोत्साहन राशि अविलम्ब प्रदान की जाए।

## प्रभारी मंत्री ने की विधानसभावार कार्यकर्ताओं से चर्चा




**रतलाम।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने रतलाम जिले के प्रवास के दौरान रूद्र पैलेस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने विधानसभावार पार्टी के विभिन्न मुद्दों और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संवाद किया। इसके बाद वे जिला कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, संगीता चारेल, पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कानसिंह चौहान, नारायण मईड़ा सहित पार्टी पदाधिकारी वरिष्ठ नेतागण, मण्डल अध्यक्षगण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सहमीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया कि प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने विधानसभावार चर्चा की शुरूआत आलोट विधानसभा क्षेत्र से की। इसके बाद उन्होंने रतलाम ग्रामीण, सैलाना, जावरा और अंत में रतलाम शहर विधानसभा के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री भदौरिया ने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों और भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु किए जाने वाले कार्यो पर विचार विमर्श किया।

चर्चा के दौरान श्री भदौरिया ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य जिले की पाँचों विधानसभा सीटे जितने का है। इसके लिए जिले में वर्तमान में जहाँ भाजपा के विधायक है वहाँ अच्छे से कार्य करना है और जहाँ पार्टी के विधायक नहीं है वहाँ कमियां दूर कर पार्टी को मजबूत करना है।


OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Ph.No.0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell). The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No./Call No. | Tender ID. | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 20/T.Sec./EE./ W.W.D./2022-23 Fourth call | 2022_ UAD_ 239731_1 | Construction of boundry wall at Salaiya OHT, Ward-83 Zone-18 Estimate based on SOR.- MPUADD Building works, 2021 | 12,89,213/- | 9,669/- | 06.01.2023 |
| 2. | 21/T.Sec./EE./ W.W.D./2022-23 First call | 2022_ UAD _ 240054_1 | Providing,laying jointing of 110 mm dia H.D.P.E. Pipe line at Vandana . Nagar Gehukheda Z-18 (Estimate based on MPUADD SOR Water supply sewerage & Tubewell 2021) | 4,93,885/- | 4,939/- | 09.01.2023 |

-sd.
Executive Engineer (H)
Municipal Corporation, Bhopal

T.H. 1041/022/023

# कोटक सिक्योरिटीज़ ने आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स पर खरीदारी की सलाह दी

मुंबई, एजेंसी। कोटक सिक्योरिटीज़ ने 1 वर्ष की अवधि में 340 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड, जो हाईवे सेगमेंट में पहली मल्टीनेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी है को खरीदने का आह्वान किया है। कोटक सिक्योरिटीज़ ने अपने पिक ऑफ द वीक में उल्लेख किया है कि आईआरबी जीआईसी और सिंट्रा द्वारा ग्रोथ कैपिटल के साथ रोड ऐसेट्स के एक मंच के रूप में उभर रहा है, जिसमें नई परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए टोल परियोजनाओं, निर्माण शाखा और विकास पूंजी का पोर्टफोलियो है। एनएचएआई से अब तक कमज़ोर प्रवाह के बावजूद आईआरबी की ईपीसी शाखा मज़बूत ऑर्डर बुक पर समकक्ष लोगों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।कोटक सिक्योरिटीज़ को आगे उम्मीद है कि ऋण की वापसी और निजी इनविट के तहत ली जा रही नई परियोजनाओं पर समेकित ऋण मौजूदा स्तर से नीचे आ जाएगा, और कहा गया कि, जीएसटी के साथ समायोजित 20,000 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक के साथ राजस्व दृश्यता मज़बूत बनी हुई है। आईआरबी ने हाल ही में घोषणा की कि उसका बोर्ड 4 जनवरी, 2023 को बैठक करेगा, जिसमें 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य के मौजूदा इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन द्वारा कंपनी की शेयर पूंजी में बदलाव के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने नए फंड्स की श्रृंखला का विस्तार किया

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने इमर्जिंग अपॉर्च्युनिटी फंड सहित नए फंड्स की श्रृंखला लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड भविष्य में महत्वपूर्ण वृद्धि प्रदान करने की क्षमता वाली मिड-कैप कंपनियों और उभरते मार्केट लीडर्स में निवेश करेगा। न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) विंडो के साथ यूलिप प्लांस के लिए आवेदन 10 रुपये एनएवी पर 15 दिसम्बर से लेकर 30 दिसम्बर, 2022 तक खुला रहेगा। इस फंड में टाटा एआइए के फार्च्यून प्रो, वेल्थ प्रो, फार्च्यून मैक्सिमाँ और वेल्थ मैक्सिमा जैसी यूलिप पेशकश के माध्यम से निवेश किया जा सकता है। इसके अलावा, यह फंड टाटा एआईए के परम रक्षक सॉलूशंस के साथ भी सम्बद्ध होगा। यह उपभोक्ताओं के लिए इक्विटी की दीर्घकालीन वृद्धि की संभावना से लाभ उठाने के साथ-साथ अपने प्रियजनों को एक जीवन बीमा सुरक्षा से रक्षित करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# 2022 के शानदार समापन के साथ, सोनी बीबीसी अर्थ 2023 के लिये नये मानदंड तय कर रहा है!

**मुंबई, एजेंसी।** प्रेरक और विचारों को झकझोरने वाला कंटेन्ट देने और अपने दर्शकों के साथ सार्थक जुड़ाव पैदा करने के वादे के साथ, भारत के सबसे चहेते तथ्यात्मक मनोरंजन चैनल सोनी बीबीसी अर्थ ने 2022 में 5 साल पूरे कर लिये हैं। चैनल से इस साल रोचक पहलों के साथ नये-नये शोज पेश किये हैं और अपने दर्शकों को जिंदादिली का एहसास कराया है। अब साल 2022 खत्म होने जा रहा है, इसलिये आइये हम इस साल के महत्वपूर्ण पेशकशों और मुख्य अंशों पर नजर डालते हैं। मेक एवरी मोमेंट मीनिंगफुल'' की टैगलाइन के साथ, इस ब्राण्ड ने एनिवर्सरी स्पेशल चौतरफा कैम्पेन लॉन्च किया, जिसमें कई गतिविधियाँ हुईं। इंस्टाग्राम पर सोनी बीसीसी अर्थ ने एक यूजर-जनरेटेड कॉन्टेस्ट की घोषणा की और लोगों को यह बताने के लिये आमंत्रित किया कि उन्होंने कैसे किसी के जीवन में महत्व को बढ़ाया है। इसके लिये उन्हें ब्राण्ड ऑडियो का इस्तेमाल कर रील्स बनानी थीं। रोमांच को बढ़ाते हुए, ऑगमेंटेड रियलिटी के द्वारा इंस्टाग्राम फिल्टर्स बनाये गये। फिल्टर ने यूजर्स द्वारा अपने कैमरा को सोनी बीबीसी अर्थ के लोगो (ऑन-एयर, वेब, प्रिंट और आउटडोर) की ओर करते वक्त काम किया और उनकी स्क्रीन्स एनिमेटेड एनिमल फिगर्स के साथ लाइव हुईं। इसके साथ ही एक '5 ईयर्स 5 मेगा शोज' प्रॉपर्टी भी लाई गई, जिसने दर्शकों को उस समय सोनी बीबीसी अर्थ पर प्रसारित हुई अपने चहेती मूवीज के लिये वोट करने का मौका दिया।

# मिस्टर मागू से जो आपको अपनी एक अनोखी दुनिया में ले जाएंगे

मुंबई, एजेंसी। मिस्टर मागू आत्मनिर्भर होने में यकीन करते हैं और इस कारण वो अक्सर खुद और अपने आस पास वाले लोगों को मुश्किल में डाल देते हैं। छोटे कद के धनवान और बुजुर्ग, मिस्टर मागू एक रिटायर्ड व्यक्ति हैं, जो अपनी पास की नजर कमजोर होने के कारण अक्सर मुश्किलें पैदा कर देते हैं। अपने कामों से वो फिज़ की क्रेज़ी योजनाएं बिगाड़ देते हैं, जो हमेशा दुनिया के सामने खुद को सबसे ज्यादा योग्य साबित करने की कोशिश करता रहता है। देखिए मिस्टर मागू और और उनकी अनोखी दुनिया केवल सोनी ये !पर, जो आपको हँसाते-हँसाते लोटपोट कर देंगी !

# दिनेश खसारिया बने नेशनल फेडरेशन के उपाध्यक्ष



भोपाल। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एस.सी-एस.टी. एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन, भोपाल सर्किल (सेवा) के महासचिव दिनेश खसारिया को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एस.सी-एस.टी. एम्प्लॉईज नेशनल फेडरेशन के उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मौके पर आज सेवा के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। श्री खसारिया को शुभकामनाएं देने वालों में लोकेंद्र कुमार (मीडिया प्रभारी), एजीएम दीपक नीखरा, नवीन कुमार, शिवप्रसाद अहिरवार, संजीव मंडारे,नंदनजी, राहुल सोमकुंवर, सत्येंद्र चौधरी, त्रिलोकचंद, मनोरमा गजभिए, सुनीता डामले, नरेंद्र ठाकुर अर्चना श्रीवास्तव, प्रमोद हेडाऊ, शुशील झिलपे, कविता सयाम, हेमंत ध्रुव शामिल है।

# हमारे छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज कर टॉपरैंकर्स के लिए एक और बड़ी उपलब्धि पाई : गौरव

**जबलपुर, एजेंसी।** टॉपरैंकर्स ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) 2023 में अपने विद्यार्थियों के लिए 400+ रैंक सुनिश्चित कर डिजिटल लर्निंग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान किया है। टॉपरैंकर्स के लीगलएज के विद्यार्थियों ने सीएलएटी परीक्षा में एआईआर 1, 2,3,8, 10 प्राप्त किए 7 टॉपरैंकर्स के लीगलएज विद्यार्थियों को लॉ में करियर बनाने के लिए तैयार करता है और पिछले सात वर्षों से लगातार टॉप 10 ऑल इंडिया रैंकर देता रहा है। मास्टर्स इन लॉ में कदम रखते हुए लीगलएज आफ्टर कॉलेज ने एआईएलईटी एलएल.एम और सीएलएटी पीजी के माध्यम से एनएलयू प्रवेश परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है और एआईआर 3,7,20,23 तथा ऐसे कई बेहतरीन परिणाम दिए। अपने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी साझा और उन्हें बधाई देते हुए श्री गौरव गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और टॉपरैंकर्स के सह-संस्थापक ने कहा, ÷सीएलएटी 2023 में हमारे छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज कर टॉपरैंकर्स के लिए एक और बड़ी उपलब्धि पाई है। मैं लगनशील छात्रों और हमारी कार्य सक्षम टीम को बधाई देता हूं जिसने पूरी परीक्षा यात्रा में एकजुट हो कर काम किया और उत्कृष्ट परिणाम दिए।

राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी

# मुख्यमंत्री कह रहे हैं, अभी भी मौका है संभल जाओ मेरे भाई

**अरविंद तिवारी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सत्ता से जुड़े अलग-अलग संगठनों से मिले फीडबैक के बाद यह माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश में लगभग 70 भाजपा विधायक ऐसे हैं, जो किसी भी हालत में चुनाव नहीं जीत पाएंगे। संघ की अनुशंसा तो इनमें से ज्यादातर को घर बैठाने की है। इनमें एक दर्जन के आसपास मंत्री भी हैं। अलग-अलग स्तर के इस फीडबैक के बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान विधायकों से वन-टू-वन संवाद भी शुरू कर चुके हैं।

कहा यह जा रहा है कि मुख्यमंत्री विधायकों को अलर्ट कर रहे हैं कि अभी भी मौका है सक्रियता बढ़ाओ, नाराज कार्यकर्ताओं से संबंध सुधारो और जिन कामों से अपने वोट बढ़ा सकते हो, उन्हें अंजाम दे दो। हकीकत यह है कि इनमें से ज्यादातर को घर बैठाने की ही तैयारी है।

कैलाश विजयवर्गीय, प्रधानमंत्री और मप्र की सियासत

कैलाश विजयवर्गीय के भतीजे की शादी कुछ दिनों पहले हुई। यह शादी डेस्टीनेशन मैरिज थी और चुनिंदा लोगों के साथ विजयवर्गीय परिवार ने एम्बी वैली में शादी का लुत्फ उठाया था, लेकिन ये शादी चर्चा में आई दिल्ली में हुए स्वागत समारोह से। इस स्वागत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी के बाद सबसे ज्यादा खबर यह प्रसारित हुई कि अब प्रधानमंत्री और विजयवर्गीय के संबंध सुधर गए हैं और इसका नतीजा आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

नतीजा किस स्वरूप में होगा, इस पर भी अटकलें शुरू हो गई हैं। राजनीतिक पंडित यह कहने से नहीं चूक रहे हैं कि अब विजयवर्गीय के दिन फिरेंगे और वे मध्यप्रदेश की राजनीति में फिर अहम भूमिका में रहेंगे। वैसे प्रधानमंत्री कुछ दिनों पहले ही विजयवर्गीय को बुलाकर मध्यप्रदेश की सियासत पर बात कर चुके हैं।

### कमलनाथ का कोर ग्रुप और नेताओं में उठापटक

कमलनाथ का एक कोर ग्रुप है और इस कोर ग्रुप को भरोसे में लेकर ही वे ज्यादातर निर्णय लेते हैं। जब कमलनाथ भोपाल में रहते हैं तो रोज शाम इस कोर ग्रुप की बैठक होती है और मुद्दों पर मंथन होता है। अब समस्या दूसरी है इस कोर ग्रुप में होने वाली चर्चा पार्टी कार्यकर्ताओं तक पहुंचने लगी है।





दरअसल बैठक में मौजूद रहने वाले कई नेता जब अपने मुताबिक फैसला नहीं करवा पाने की स्थिति में कमलनाथ के सामने तो कुछ बोल नहीं पाते, लेकिन बाद में रायता बखूबी ढोल देते हैं। इसका नतीजा यह रहता है कि कई महत्वपूर्ण निर्णय अमल में आने के पहले ही विवादित हो जाते हैं। अब कमलनाथ पता करवा रहे हैं कि रायता ढोलने वाले आखिर ये हैं कौन?

### गोविंद सिंह के कंधे पर बंदूक, निशाने पर कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह इन दिनों कांग्रेस की राजनीति में अलग-अलग ध्रुव पर दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे कमलनाथ की मुखालफत कर रही कांग्रेस की एक बड़ी लॉबी ने डॉ. सिंह को आगे करके कमलनाथ के फैसलों पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिए हैं। दरअसल, इस लॉबी की तैयारी 2023 के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण के दौरान कमलनाथ की तगड़ी घेराबंदी की है। वैसे कांग्रेस में इस लॉबी का यह काम कोई नया नहीं है। जब सिंधिया कांग्रेस में थे, तब ये लोग मिलकर ऐसी लामबंदी सिंधिया की किया करते थे।

बूथ कमेटियों पर उठी उंगली तो तीखे तेवर दिखाना पड़े वीडी को भाजपा में शायद ऐसा पहली बार हुआ कि प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में हुई एक अहम बैठक में प्रभारी की भूमिका निभा रहे कुछ नेताओं ने बूथ कमेटियों को ही फर्जी बता दिया। उनका कहना था कि ये कमेटियां कागजों पर बनी हैं, मैदान में इनका अस्तित्व नहीं है।

बात यहीं नहीं थमी, अध्यक्ष ने जब इसे गलत ठहराया और तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि आप अपने शब्द वापस लीजिए तो भी प्रभारी नहीं माने, अपनी बात पर अड़े रहे और गजब तो यह हुआ कि इनकी बात का समर्थन कुछ और नेताओं ने भी कर दिया। हालात से वाकिफ होने के बाद मुरलीधर राव को कहना पड़ा वे खुद जिलों का दौरा कर असलियत जानेंगे।

मध्य प्रदेश न आने का फैसला फायदेमंद रहा अग्रवाल के लिए मध्यप्रदेश वापस न आने का फैसला तेज तर्रार आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल के लिए बहुत फायदेमंद रहा। कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए वे पीएम किसान योजना के प्रभारी थे और कई बार प्रधानमंत्री से उनका सीधा संवाद होता था। अतिरिक्त सचिव बनने के बाद वे वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में अहम भूमिका में हैं। इसी विभाग में अब उन्हें एक अतिरिक्त भूमिका और मिल गई है। वे अब यहां फाइनेंस इंटेलीजेंस यूनिट के संचालक भी बनाए गए हैं। वैसे अग्रवाल जहां भी पदस्थ रहते हैं, अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल होते हैं।

बेचारे बाकलीवाल और मददगार की भूमिका में चंदू काका शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल के खिलाफ अनूप शुक्ला ने गांधी प्रतिमा पर प्रेस कान्फ्रेंस कर डाली। तमाम आरोप जड़ दिए। कांग्रेस का एक पदाधिकारी, मोर्चा संगठन का कोई भी अध्यक्ष या इंदौर में मौजूद प्रदेश पदाधिकारियों में से कोई भी बाकलीवाल के बचाव के लिए आगे नहीं आया। चार दिन बाद थोड़ी हलचल उस वक्त हुई, जब प्रकाशचंद्र सेठी के जमाने से कांग्रेस की राजनीति कर रहे चंदू अग्रवाल कुछ कार्यकर्ताओं को लेकर एक जाजम पर बैठे और कहा कि बाकलीवाल पाक-साफ हैं और इन्हें ही पद पर बरकरार रखना चाहिए।

### चलते-चलते

आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की एक पार्टी में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अजीता बाजपेयी पांडे का डांस जबरदस्त चर्चा में है। वैसे सेवानिवृत्ति के बाद बाजपेयी कांग्रेस की राजनीति में बड़ी अहम भूमिका में हैं और कई मुद्दों पर उनकी राय मायने भी रख रही है।

### पुछल्ला

लेखकों की बिरादरी में एक और अफसर शामिल हो गई है। इंदौर में अपर कलेक्टर, अपर आयुक्त, सचिव लोक सेवा आयोग रहीं वंदना वैद्य अभी शहडोल की कलेक्टर है। उन्होंने शहडोल गाथा के रूप वहां के पुरातत्व संस्कृति एवं इतिहास का बहुत ही पठनीय विवरण संकलित किया है। इस पुस्तक का लोकार्पण पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान में किया था। लेखन से गहरा वास्ता रखने वाले शहडोल संभाग के आयुक्त राजीव शर्मा भी इस पुस्तक की तारीफ कर चुके हैं।

### बात मीडिया की

दैनिक भास्कर प्रबंधन ने अपने वरिष्ठ पत्रकारों को रवानगी देने की तैयारी कर ली है। इन दोनों को भी प्रबंधन के फैसले की भनक लग चुकी है और यही कारण है कि पिछले 10 दिन से ये दफ्तर में नजर नहीं आ रहे हैं। जरा पता लगाइए ये दोनों महानुभव हैं कौन।

सालों तक नईदुनिया में अहम भूमिका में रहे वरिष्ठ पत्रकार दिलीप ठाकुर अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मीडिया टीम में महत्वपूर्ण भूमिका में रहेंगे। इसका खुलासा खुद महापौर ने पिछले दिनों मीडिया के साथियों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान किया। मूलत-इंदौर के निवासी और सालों से दैनिक भास्कर के संपादकीय विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे वरिष्ठ पत्रकार योगेश दुबे जल्दी ही दैनिक भास्कर के किसी संस्करण में संपादक की भूमिका में नजर आएंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की वरिष्ठ साथी लवीना फ्रांसिस जल्दी ही नई भूमिका में नजर आ सकती हैं। वे संस्थान को अलविदा कहकर प्रशिक्षण के लिए विदेश जा सकती हैं। इंदौर में सीनियर कैमरा पर्सन गौतम सरदार अब आईएनएच टीवी को अलविदा कहकर खबर मध्यप्रदेश का हिस्सा हो गए हैं।

# मोंगला पोर्ट अथॉरिटी व भारतीय कंपनी के बीच करार



नई दिल्ली, एजेंसी। मोंगला पोर्ट अथॉरिटी और ईजीआईएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मोंगला पोर्ट को अपग्रेड करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है। यह अनुबंध हस्ताक्षर समारोह बांग्लादेश के भारतीय दूतावास में आयोजित किया गया। बांग्लादेश में भारतीय दूतावास की ओर से बताया गया है कि 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की भारतीय लाइन ऑफ क्रेडिट के तहत वित्तपोषित, यह बांग्लादेश में विस्तारित बंदरगाह क्षेत्र में सबसे बड़ी वित्तपोषित परियोजना है। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने इस हस्ताक्षरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास भागीदार है और मोंगला पोर्ट परियोजना का न केवल भारत-बांग्लादेश आर्थिक संबंधों बल्कि पूरे उप-क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा।

## सी टाइप चार्जर में जरूरी होगा बीआईएस मानक

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार मोबाइल और पहनने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए दो सामान्य प्रकार के चार्जिंग पोर्ट पेश करने की योजना बना रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अभी सी टाइप चार्जर के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) मानक लागू हो गया है। ग्राहकों के हित में और ई-कचरे को कम करने के लिए दो प्रकार के सामान्य चार्जिंग पोर्ट को अनिवार्य करने पर सरकार विचार कर रही है। इसमें मोबाइल, स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए यूएसबी टाइप-सी चार्जर और पहनने वाले उपकरणों के लिए होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार ने कहा, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के साथ बैठक में स्मार्टफोन, टैबलेट आदि के लिए यूएसबी टाइप-सी को चार्जिंग पोर्ट के रूप में अपनाने पर सहमति बनी थी।

# 57 फीसदी कर्मचारियों को 12 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उम्मीद, संगठित क्षेत्र के रोजगार में इस साल रही तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक आर्थिक मंदी, महंगाई, स्टार्टअप निवेश में कमी, टेक क्षेत्र में छंटनी और मंदी की आशंका के बीच 57 प्रतिशत कर्मचारियों अगले साल 12 प्रतिशत से अधिक वेतन वृद्धि की उम्मीद है। सीआईईएल एच आर सर्विसेस के अध्ययन के अनुसार, 23 फीसदी कर्मचारियों का मानना है कि 8-12 फीसदी की वृद्धि हो सकती है जबकि 11 फीसदी मानते हैं कि चार से पांच फीसदी तक वेतन बढ़ सकता है। हालांकि, 8.3 फीसदी मानते हैं कि केवल 4 फीसदी तक उनकी सैलरी बढ़ सकती है।



विपरीत आर्थिक स्थितियों के बावजूद अधिकांश कर्मचारियों को वेतन में बढ़त की उम्मीद है। भारी मांग और प्रतिभाओं को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण आईटी क्षेत्र ने पिछली बार ज्यादा वेतन वृद्धि की थी। इस साल, जमीनी स्तर की स्थिति बदल गई है, फिर भी कर्मचारी वेतन वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं। पिछली बार वेतन वृद्धि में विनिर्माण, इंजीनियरिंग, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों ने रूढ़िवादी दृष्टिकोण अपनाया था। अधिकांश कर्मचारियों की सैलरी 10 फीसदी से कम बढ़ी थी। जैसे-जैसे गतिविधियां बढ़ने लगी हैं, इन क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों को अब इससे ज्यादा बढ़त की उम्मीद है।

# गारंटीड रिटर्न प्लान में निवेश कर पाए 7.5 प्रतिशत तक का उच्च रिटर्न

भोपाल। एक सही इन्वेस्टमेंट प्लान वो है जो आपको टैक्स बेनिफिट के साथ हाई रिटर्न देता है। ताकि आप बढ़ती महंगाई से लड़ सकें और समय के साथ अपने जीवन यापन करने के स्तर में सुधार कर सकें।

विवेक जैन, हेड-इन्वेस्टमेंट्स, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम-गारंटीड रिटर्न प्लान की खासियत यह है कि यह बाजार में उतार-चढ़ाव की परवाह किए बिना जोखिम मुक्त रिटर्न प्रदान करता है। इन्वेस्टमेंट पर हाई, टैक्स-फ्री और गारंटीड रिर्टन प्रदान करने की वजह से ये योजना निवशकों के बीच काफी लोकप्रिय है। नए जमाने की योजनाओं में, रिटर्न 7.5 प्रतिशत जितना अधिक होता है जो कि लंबी अवधि के धन के निर्माण के लिए बहुत ही फायदेमंद है, खासकर अगर हम इसकी तुलना बाजार में उपलब्ध अन्य पारंपरिक इन्वेस्टमेंट विकल्पों पर रिटर्न से करते हैं। इस प्रोडक्ट में लाइफ इंश्योरेंस तत्व न केवल टैक्स बचाने में मदद करता है बल्कि आश्रितों के लिए सुरक्षा भी प्रदान करता है। ये सुविधाएं गारंटीड रिटर्न प्लान को एक संपूर्ण निवेश मार्ग बनाती हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट के मामले में, परिवार को या तो मैच्योरिटी का इंतजार करना पड़ता है या प्रीमेच्योर विड्रॉल के लिए कम रिटर्न स्वीकार करना पड़ता है। आवर्ती जमा योजनाओं के मामले में-आरडी, पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) आदिजैसे रिटर्न की गणना इन्वेस्टर के निधन तक जमा की गई राशि पर की जाएगी, न कि इच्छित निवेश पर और इसलिए फुल मैच्योरिटी वैल्यू तब तक प्राप्त नहीं होगी जब तक कि आश्रित निवेश जारी रखने में सक्षम न हो।

लेकिन अलग अलग इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा दी जाने वाली गारंटीड या फिक्स्ड रिटर्न योजनाओं के लिए, यहां तक कि किसी इन्वेस्टर की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के कारण इन्वेस्टमेंट बंद होने की स्थिति में भी, नामित व्यक्ति को फुल मैच्योरिटी वैल्यू का भुगतान किया जाएगा। चूंकि स्रष्ठ के मामले में एकमुश्त निवेश किया जाता है, इन्वेस्टमेंट पीरियड के दौरान किसी इन्वेस्टर की मृत्यु का इन्वेस्टमेंट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन एफडी ब्याज टैक्सेबल हैं और प्रीमेच्योर विड्रॉल के मामले में, नॉमिनी या आश्रितों को कम रिटर्न मिलेगा। समय-समय पर प्रीमियम भुगतान के साथ, गारंटीड या फिक्स्ड रिटर्न प्लान आरडी के समान होते हैं। हालांकि, आरडी के मामले में, इन्वेस्टर के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के मामले में इन्वेस्टमेंट बंद हो जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप मैच्योरिटी वैल्यू कम होगी।

# वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दिखेगा मंदी का असर, ब्रिटिश रिसर्च एजेंसी का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगाई पर काबू पाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण वर्ष 2023 में दुनिया में मंदी का असर दिख सकता है, क्योंकि ऊंची ब्याज दरें कई अर्थव्यवस्थाओं के सिकुड़ने का कारण बन सकता है। सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स और बिजनेस रिसर्च की ओर से यह बात कही गई है। वार्षिक विश्व आर्थिक लीग टेबल के दौरान ब्रिटिश कंसल्टेंसी की ओर से कहा गया है कि साल 2022 में ग्लोबल इकोनॉमी 100 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया लेकिन 2023 में इसमें गिरावट की संभवना है क्योंकि नीति निर्धारक महंगाई से दो-दो हाथ करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रखे हुए हैं।सीईबीआर के निदेशक और हेड ऑफ कंसल्टिंग के डेनियल न्यूफिल्ड का कहना है कि महंगाई पर काबू करने के लिए ब्याज दरों में की गई बढ़ोतरी के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2023 में मंदी का असर दिखेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महंगाई के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई है। हमें लगता है कि अर्थव्यवस्था में सिकुड़न की आशंका के बावजूद केंद्रीय बैंक 2023 में अपना कड़ा रुख काम रख सकते हैं। महंगाई को और अधिक आरामदायक स्तर पर लाने के लिए ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी से आने वाले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था के लिए कमजोर विकास का दृष्टिकोण बन रहा है।




आंकड़ों से जो चीजें निकलकर सामने आ रही हैं वह हालिया अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमानों की तुलना में कहीं अधिक निराशावादी हैं। संगठन में अक्तूबर महीने में आशंका जताई थी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक तिहाई से अधिक हिस्से में सिकुरन दिख सकता है और 25 प्रतिशत संभावना है कि ग्लोबल जीडीपी में वर्ष 2023 में महज 2 प्रतिशत की वृद्धि दिखेगी। यह वैश्विक मंदी की स्थिति होगी।

इसके बावजूद, वर्ष 2037 तक विश्व का सकल घरेलू उत्पाद दोगुना हो जाएगा, क्योंकि विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अमीर देशों की इकोनॉमी के बराबर हो जाएंगी। शक्ति के बदलते संतुलन से 2037 तक पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र का वैश्विक उत्पादन में एक तिहाई से अधिक का योगदान होगा, जबकि यूरोप का हिस्सा पांचवें से भी कम हो जाएगा।

# मीडियाटेक भारत में सभी स्मार्टफोन और स्मार्ट डिवाइस पारितंत्र में 5 जी और भावी प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने को गति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

## सबसे शक्तिशाली चिपसेट- मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9200 प्रदर्शित किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सालाना करीब दो अरब कनेक्टेड उपकरणों को ताकत प्रदान करने वाली विश्व की अग्रणी फैबलेस कंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने छतपसससपंदज ज्मबीदवसवहल जीम ँवतसक त्मसपमे व्दष्थीम पर केंद्रित मीडियाटेक टेक्नोलॉजी डायरीज़ के 11वें संस्करण की मेजबानी की जिसमें भारत में स्मार्टफोन और स्मार्ट डिवाइसेज़ बाजार में मीडियाटेक से नवीनतम प्रौद्योगिकी रूख पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कंपनी ने 5 जी चिपसेट आधारित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं नवप्रवर्तन का अपना नवीनतम पोर्टफोलियो प्रदर्शित किया जिसमें नवीनतम मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9200 और 1080 एवं अन्य चिपसेट जैसे मीडियाटेक हेलियो जी99, पेंटोनिक 1000, कॉम्पैनियो 520 और 528, फिलोजिक 880 और 380, टी800 5जी मॉडम सॉल्यूशंस आदि शामिल हैं।

मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकु जैन ने कहा, जैसा कि भारत ने 2023 में 5 जी व्यवस्था में कदम रखा है, वैश्विक एवं भारतीय ओईएम के साथ काम करने को लेकर हमारी प्रतिबद्धता बढ़ गई है और हम भारत में अपनी आरएंडडी सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं। हम विविध एवं बदलती मांग के आधार पर हर किसी के लिए अग्रणी एवं प्रीमियम सॉल्यूशंस के जरिये एक शानदार अनुभव का सृजन करने में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि मीडियाटेक संपूर्ण स्मार्टफोन और स्मार्ट डिवाइस पारितंत्र में एक देशव्यापी कंपनी बन रही है।



इस आयोजन में काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसंधान निदेशक तरूण पाठक ने कहा, श्5 जी स्मार्टफोन ने भारत में अच्छी खासी हिस्सेदारी हासिल की है जिसका श्रेय स्मार्टफोन वैल्यू चेन खासकर चिपसेट कंपनियों के सतत प्रयास को जाता है। जैसा कि नेटवर्क शुरू हो रहा है, हमें यह हिस्सेदारी और बढ़ने की उम्मीद है और अंततः लोग 5 जी सेवाआं का उपयोग करना शुरू कर देंगे। इससे ढेरों फीचर्स सामने आएंगे जिनमें से कुछ से हम फिलहाल अनभिज्ञ हैं। ये फीचर्स बाजार में तेजी से अपनी जगह बनाएंगे और उपभोक्ताओं का अनुभव समृद्ध होगा। चिपसेट कंपनियां इस रूख को आगे बढ़ाने में सतत रूप से एक बड़ी भूमिका निभाती रहेंगी।

# ईज़मायट्रिप ने अपने शेयरधारकों के लिए विशेष कार्यक्रम ईएमटी फैमिली लॉन्च किया

नई दिल्ली, एजेंसी। बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड (ईज़मायट्रिप), भारत का अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म है जिसने ईएमटी फमिली कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है - इस विशेष कार्यक्रम का आमंत्रण, केवल अपने कुलीन शेयरधारकों के लिए है जिसमें ईज़मायट्रिप के शेयरधारकों को नामांकित किया जाएगा, रेफर नाउ एंड अर्न फॉरएवर कार्यक्रम, और रेफरर को ईज़मायट्रिप वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन से बुक करने के लिए एक नए उपयोगकर्ता को रेफर करके एक वर्ष की अवधि के लिए फ्लाइट्स, होटलों, हॉलिडेज़, बसों और ट्रेन बुकिंग पर रोमांचक कैश-बैक मिलेगा। लाभ प्रदान करने के लिए, यह ब्रांड अपने विशेष शेयरधारकों को ईएमटीफॅमिली के रोमांचक अवसर के साथ बड़ी छूट, रेफरल योजना और विभिन्न ऑफ़र प्रदान करता है। ईएमटीफॅमिली की एक्सक्लूसिव विशेषताओं में शामिल हैं रेफर नाउ एंड अर्न फॉरएवर विभिन्न फ्लाइट्स और होटलों पर विशेष और विशिष्ट किराया, चिकित्सा आधार पर पूर्ण-वापसी, प्रत्येक लेन-देन पर अनेक ब्रांड्स से 5000 रुपये के वाउचर, होटल और यात्रा और उड़ान बुकिंग आदि पर अतिरिक्त छूट। ईज़मायट्रिप के सीईओ और सह-संस्थापक, निशांत पिट्टी ने विशेष प्रस्तावों पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने मूल्यवान शेयरधारकों के लिए अपने विशिष्ट उत्पाद ईएमटीफॅमिली को पेश करते हुए खुशी हो रही है। कंपनी में उनका विश्वास रखने के लिए कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में, हम उन्हें अब तक की हमारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देते हैं, और दुनियाभर में हम लाखों शेयरधारकों की सेवा जारी रखते हुए विशेष ऑफ़र और छूट के साथ उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तत्पर हैं।

# संसद में उठायेंगे किसानों के मुआवजे का मुद्दाः नकुलनाथ

## टमाटर फेंक रहा है किसान

**छिन्दवाड़ा ।** सांसद नकुलनाथ दो दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा उन्होने हवाईपट्टी पर सांसद नकुलनाथ से उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने सवाल किया कि जिले के सब्जी उत्पादक किसान परेशान है। टमाटर उत्पादक किसान अपनी उपज को खेतों में ही फेंक रहा है। प्रत्युत्तर में सांसद नकुलनाथ ने कहा कि यह केवल छिन्दवाड़ा नहीं अपितु सम्पूर्ण मप्र के किसानों की व्यथा है। किसान पहले खाद, बीज और बिजली के लिये परेशान होता है। किसी तरह वह अपनी कृषि भूमि पर उपज लेता है तो बाजार में उचित मूल्य प्राप्त नहीं होते हैं। किसान आज लागत भी नहीं निकाल पा रहा है और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाषणों में सालों से किसानों की आय दोगुनी करने में जुटे हैं, किन्तु किसानों की आय की जगह लागत दोगुनी हो गई और किसान आज भी अपनी जायज मांगों के लिये संघर्ष कर रहे। किसानों की स्थिति आज क्या है यह किसी से छिपी नहीं है। सांसद नकुलनाथ ने आगे कहा कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की जो उपज बर्बाद हुई है प्रशासन उसका सर्वे भी नहीं कर रहा है। सांसद नकुलनाथ ने आगे कहा कि किसानों को मुआवजा दिये जाने के साथ ही समय पर फसलों की बीमा राशि भी जारी करने की मांग भी संसद में रखूंगा।



### 18 दिनों से आशा उषा कार्यकर्ता हड़ताल पर सरकार नहीं सुन रही

आशा उषा कार्यकर्ता व संविदा स्वास्थ्यकर्मी विगत 18 दिनों से अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर है इस सवाल के जवाब में सांसद नकुलनाथ ने कहा कि कर्मचारी ही नहीं प्रदेश का सम्पूर्ण वर्ग भाजपा की सरकार से त्रस्त है। सरकार की नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है। किसान, नौजवान और मातायें बहनें सभी दुखी है, कहीं सुनवाई नहीं होने के कारण मजबूरीवश वे हड़ताल और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, किन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार को कर्मचारियों की चिंता है ना ही प्रदेश के बेरोजगार नौजवानों की। जनता वर्ष 2023 में सम्पन्न होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुंतोड़ जवाब देगी। केन्द्र से राज्य सरकार को जीएसटी की राशि कितनी प्राप्त हो रही है यह जानना आवश्यक था जिसके चलते संसद में मेरे द्वारा जीएसटी का सवाल उठाया गया था। ताकि यह पता चल सके कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को जीएसटी की कितनी राशि दी है और जब से जीएसटी लागू हुआ है तब से वर्तमान तक कितनी राशि मप्र सरकार को दी गई है।

### नकुलनाथ सांसद के साथ उद्योगपति भी है, ड्रायर के अनुसंधान हेतु संबंधितों से चर्चा भी करें

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिला कृषि के साथ-साथ सब्जी उत्पादक जिला भी है, यहां की सब्जी पूरे देश में जाती है, किन्तु विगत दो-तीन वर्षो से किसानों को पर्याप्त मूल्य नहीं मिल रहा है, जैसे टमाटर किसान मूल्य न मिलने के कारण फैक रहा है। प्रदेश के एक मात्र कांग्रेस के सांसद नकुलनाथ ने कहा कि वे इस मुद्दे को संसद में उठायेंगे। कमलनाथ एवं नकुलनाथ उद्योगपति परिवार से आते है, सब्जियों को बचाने के लिए या सस्ती न बिके इसके लिए उसे सुखाने की प्रक्रिया होती है।

टमाटर जिसे ड्रायर में सुखाया जा सकता है, जिससे उसका पाऊडर बन सकता है, इसकी यूनिट है किन्तु बड़ी है, सांसद को चाहिये कि वे उद्योगपतियों व

### सुलभ शैचालय का भूमिपूजन

छिन्दवाड़ा- जिले के युवा सांसद नकुलनाथ आज छिन्दवाड़ा नगर निगम क्षेत्र को अनेकों सौगातें देंगे। स्थानीय मानसरोवर कॉम्प्लेक्स बस स्टैण्ड के समीप निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नकुलनाथ विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मानसरोवर कॉम्प्लेक्स बस स्टैण्ड के समीप नकुलनाथ 25 लाख की लागत से सुलभ शौचालय से लेकर जेल गेट तक बी.टी रोड निर्माण के भूमिपूजन के साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्योर ब्लॉक लागत राशि 36 लाख तथा स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत ही 25 लाख की लागत से विभिन्न रंग रोगन कार्यों के अलावा अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद नकुलनाथ के मुख्य अतिथ्य एवं नगर निगम महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। निगम अध्यक्ष सोनू मागो, लोक निर्माण विभाग सभापति श्रीमती नमिता मनोज सक्सेना व समस्त सभापति व पार्षदगण ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### बिछुआ ब्लॉक के गांव-गांव खेतों में घूमे सांसद

छिन्दवाड़ा। बिछुआ विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में आज रोड शो के माध्यम से भ्रमण कर जिले के सांसद श्री नकुलनाथ ने आमजन से भेंट की। सांसद को अपने बीच पाकर सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें वर्तमान ग्रामीण परिस्थितियोंसे अवगत कराया। अपने रोड शो के दौरान श्री नकुलनाथ ने स्थान-स्थान पर युवाओं से चर्चा के साथ ही किसानों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना।

शहर सरकार आपके द्वार ...

## नए वर्ष से प्रत्येक घर पहुंचेगे नगर निगम के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी

**छिंदवाड़ा ।** जब से नगर निगम में कांग्रेस की सरकार बनी है निरंतर महापौर विक्रम अहके एवं निगम अध्यक्ष सभापति जनता के बीच बने हुए है वित्तीय संकटो के बाबजूद भी नए नए प्रयास किए जा रहे है चाहे जल वितरण की व्यवस्था हो, टैक्स फ्री ई रिक्शा हो, विद्युत व्यवस्था हो नवाचार देखने को मिल रहा है। छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने चर्चा में बताया की कमलनाथ एवं युवा सांसद नकुलनाथ के नाम पर उनके विश्वास पर छिंदवाड़ा की जनता ने जो विश्वास जताया है हम छिंदवाड़ा के नागरिकों को समस्त मूलभूत सुविधा देने एवं छिंदवाड़ा को देश का सबसे सुंदर और स्वच्छ शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है अब नए वर्ष में नए संकल्पो के साथ नगर निगम के संपूर्ण जनप्रतिनिधि एवम अधिकारी कर्मचारी जनता के बीच प्रत्येक वार्ड प्रत्येक मजरे टोले पहुंचेगी आपकी सरकार आपके द्वार पहुँचेगी जिसमे नगर निगम महापौर ,अध्यक्ष, सभापति, पार्षदगण एवं सभी विभागों के सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जो आपके वार्ड की साफ-सफाई, स्वच्छता, गरीबी रेखा प्रमाण पत्र, आवास योजना एवं अन्य सभी प्रकार की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेत प्रतिबद्ध रहेगी।

## युवा नीति की जागरूकता हेतु संगोष्ठी, निकाली रैली



**छिंदवाड़ा ।** शासकीय महाविद्यालय चौरई में शासन के निर्देशानुसार युवा नीति निर्माण के संदर्भ में युवाओं से सुझाव आमंत्रित करने हेतु जन जागरूकता लाने के लिए आज रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम कुमार उसरेठे, श्री मुकेश ठाकुर,श्री चंद्रशेखर उसरेठे, श्री मनोज कुमार माहोरे, श्रीमती मधुबाला राठौर, डॉ कृष्णा लहपुरे, श्री पुष्कर राज मालवीया, श्री विनोद बुड़ेकर तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयं सेवकों ने मास्क बांटकर किया लोगों को जागरूक

**छिंदवाड़ा ।** विगत दिनों से देश में दस्तक देरहा कोरोना के नए वैरिएंट को बढ़ ने से रोकने के उद्देश्य से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्या डॉ पी आर चंदेलकर के संरक्षण व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम, प्रो महेंद्र साहू, डॉ निधी डोडानी के मार्गदर्शन में एवम टीम लीडर चंचलेश की प्रेरणा से एनएसएस स्वयं सेवक मानस भरद्वाज एवम अंकित सराठे ने अपने कर्म को ही अपना धर्म समझ कार्य करने वाले कोविड वोलेंटियर्स को बाटा मास्क एवम लोगो को भी जागरूक किया सभी से हर समय कोविड के उपयुक्त व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया। इस पुनीत कार्य की टीम लीडर चंचलेश , वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवसिंह , निलेश, विशाल सलामे, लोकेश कुमार, विवेक सरेयाम, आदि बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने सराहना की ।

## धरमटेकड़ी में फिल्टर प्लांट से जलप्रदाय 29 को बन्द रहेगा

**छिंदवाड़ा ।** माचागोरा डेम से संचालित पेयजल परियोजना के वार्षिक रखरखाव एवं लीकेज संधारण कार्य हेतु दिनांक 29 दिसम्बर को नगर निगम व्दारा कार्य किया जा रहा है जिसमें धरमटेकड़ी में स्थित फिल्टर प्लांट से जलप्रदाय 29 दिसम्बर को अवरूध्द रहेगा जिसमें खापाभाट, कुसमैली, अजनिया, सिवनी प्राणमोती, बोरिया, इमलिया बोहता, सारसवाड़ा, सोनपुर, पुलिस लाईन पानी टंकी का क्षेत्र, पीजी कालेज टंकी क्षेत्र एवं ढीमरीढाना गिटटी खदान क्षेत्र प्रभावित रहेंगे ।

## कांग्रेस आज मना रही अपना 137 वां स्थापना दिवस

### सांसद नकुलनाथ व राष्ट्रीय सचिव मित्तल रहेंगे उपस्थित

**छिंदवाड़ा ।** भारतवर्ष के स्वतंत्रता संग्राम की फौलादी नींव व अजर अमर राष्ट्रीय नेताओं की शौर्य गाथाओं की गवाह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 137 वां स्थापना दिवस आज समारोह पूर्व मनायेगी। इस अवसर पर भारत की सबसे पुरानी पार्टी के गठन से लेकर वर्तमान तक कांग्रेस के कर्मठ व राष्ट्रसमर्पित नेताओं के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की जावेगी। इस अवसर पर जिले के युवा सांसद नकुलनाथ व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सी.पी. मित्तल विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

## जिला बेडमिंटन स्पर्धा प्रारंभ, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**छिंदवाड़ा ।** जिला बेडमिंटन संघ द्वारा जिला बेडमिंटन चेम्पियनशिप 2022 का शुभारंभ बेडमिंटन हॉल में किया गया इस अवसर पर बेडमिंटन संघ के स्पर्धा अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस, खेल अधिकारी मुकेश सोनी, आशीष ठाकुर, विजय पवार, बलराम सालेवार, अनिल शर्मा, अरविन्द गिरहटकर, मीनाक्षी भारद्वाज, मोनिका सिंहमौजूद थे । स्पर्धा अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस ने बताया कि अटल खेल महाकुंभ में बेडमिंटन संघ की ओर से लगभग 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया इसमें विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को विशेष रूप से संघ द्वारा सम्मानित किया गया। कुल 38 मैच खेले गए जिसमें मुख्य मुकाबले परासिया, जुन्नारदेव, पांढुर्ना व छिंदवाड़ा के खिलाड़ियों के मध्य खेले गए स्पर्धा के दूसरे चक्र के मुकाबले 28 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे स्पर्धा व कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया। निर्णायक के रूप में आर्यान्श खन्ना, आनंद पाठक, रत्नेश दुबे, यशवंत मार्को, साक्षी कराजगाओकर, कोमल साह व भागवती कुमरे ने सहयोग किया।

# क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से चलता रेत का अवैध व्यापार

## दिन रात दोनों समय ट्रैक्टर में जाती है रेत, जवाबदार लोग मंथली ले रहते हैं खामोश



**जुन्नारदेव गुड़ी अंबाडा ।** क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से चलता है रेत का अवैध कारोबार दिन हो या रात दोनों पहर ट्रैक्टर के माध्यम से रेत क्षेत्र में आ रही है जिन विभाग को इस अवैध व्यवस्था पर अंकुश लगाना चाहिए वह रेत माफियाओं से मंथली ले खामोश हैं जिसके चलते इनके द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है क्षेत्र में बढ़ चुके इस रेत के व्यापार पर अंकुश लगे जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल से लिखित शिकायत होगी कोयलांचल से संबंध रखता है इस बात के चलते क्षेत्र कोयला ढोने का कार्य हो या रेत की सप्लाई हो अधिकाधिक रुपया कमाने की लालच में क्षेत्र के कुछ धनाडय लोग इस कार्य को करने में जुट जाते हैं और इस कार्य को करने लग जाते हैं

### जवाबदार लोगों को कर लेते हैं सेट

क्षेत्र में रेत हो या कोयले का अवैध कार्य जो लोग व्यापार को करने का मन बना लेते हैं वह लोग अपने इस कार्य को बिना रुकावट करने के लिए सबसे पहले वह जवाबदार अधिकारी जो इस कार्य को संचालित होने से बाधा बन सकते हैं इन्हें प्रतिमाह माह मंथली पेमेंट देने की राशि तय कर लेते हैं फिर उनके सहयोग और आशीर्वाद से अपने इस कार्य को करने लग जाते हैं

### शासन को होता है घाटा

जो लोग क्षेत्र में रेत एवं कोयले का अवैध कारोबार करते हैं इससे शासन की मर्जी नहीं होती है क्योंकि यह कार्य बिना स्वीकृति के चलता है जिससे सरकार को भारी घाटा होता है वहीं क्षेत्र के वे जवाबदार अधिकारी जो मंथली लेते हैं वे भी ऐसा कार्य नहीं करते हैं जिससे शासन को फायदा हो

### दुर्घटना का बना रहता है भय

वे लोग जो रेत का व्यापार करते हैं ऐसे लोग क्षेत्र की नदियों में ट्रैक्टर लगा अंबाड़ा से ले गुड़ी,नजरपुर,भवानी, जमकुंडा और माइनस आदि स्थानों पर भिजाते रहते हैं इससे दुर्घटना होने का ज्यादा भय तो बना नहीं रहता है किंतु वे लोग जो भूमिगत से कोयले कि ओपन कास्ट खदानों से कोयला निकालते हैं उन्हें आसपास सहित दूरदराज के क्षेत्रों में कोयला भिजाने फोर व्हीलर से ले टू व्हीलर का उपयोग करते हैं एवं इनमें कोयले की बोरियां रख रात्रि से लेकर प्रातः 5-00 बजे तक क्षेत्र में फर्राटेदार वाहन चला ईट भट्टों तक पहुंचाते हैं जिससे क्षेत्र में हर पल दुर्घटना घटित हो संभावना बनी रहती है

### प्रभारी मंत्री कमल पटेल से होगी शिकायत

क्षेत्र में रेत से ले कोयले का जो अवैध व्यापार संचालित हो रहा है इस पर ना अंकुश लगे अपितु मंथली लेने वाले जवाबदार लोगों पर कार्रवाई हो जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल से शिकायत होगी

## आरोग्य हॉस्पिटल ने 3000 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण एवं

**छिंदवाड़ा ।** भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आरोग्य हॉस्पिटल द्वारा विशेष योगदान दिया गया है शिविर के प्रारंभ होते ही आरोग्य हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ के साथ साथ हॉस्पिटल के डायरेक्टर दीपक खंडेलवाल भी मरीजों के उपचार एवं जानकारी उपलब्ध कराने में में अपनी सेवाएं देते हुए दिखाई दिए ।आरोग्य हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम में पल्मनोलॉजिस्ट, एमडी मेडिसिन, अस्थि रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ के साथ-साथ यूरोलॉजिस्ट बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नागपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी आरोग्य हॉस्पिटल के बैनर तले अपनी सेवाएं देते हुए दिखाई दिए। उक्त स्वास्थ शिविर में आरोग्य हॉस्पिटल के कैंप में उपचार हेतु मरीजों का ताता लगा दिखाई दिया इस निशुल्क शिविर में जहां 11800 मरीजों का मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया वही अकेले आरोग्य हॉस्पिटल द्वारा लगभग 3000 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इसके साथ ही डायरेक्टर दीपक खंडेलवाल ने बताया कि मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात चिन्हित मरीज जिन्हें आगे भी उपचार की जरूरत है, उन मरीजों का उपचार अब आरोग्य हॉस्पिटल शासन की विभिन्न योजनाओं के द्वारा उपचार और आवश्यकता पड़ने पर सर्जरी भी करेगा।

## पीजी कॉलेज इतिहास के छात्रों का सांची स्तूप व वन विहार का भ्रमण



**छिंदवाडा ।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा प्राचार्य डॉ.पी.आर.चंदेलकर तथा इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लेफ्टिनेट शेखर ब्रम्हने के संरक्षण व इतिहास पर्यटन विभाग के प्राध्यापक डॉ. जगमोहनसिंह पूषाम व प्रो.महेंद्र साहू के मार्गदर्शन में एवं प्रो.डॉ.माया साहू व डॉ. मंशाराम उइके नेतृत्व में इतिहास विभाग द्वारा विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत विद्यार्थियों के अकादमिक उन्नयन हेतु शैक्षणिक भ्रमण दल यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित ऐतिहासिक धरोहर सांची स्तूप, व भोपाल स्थित वन विहार आदि स्थान भ्रमण में ले जाया गया। सांची स्तूप भ्रमण दौरान छात्रों को बौध्द दर्शन व उस समय की वास्तुकला के बारें में विस्तृत में जानकारी दी। ऐतिहासिक भ्रमण में शिवानी विश्वकर्मा, प्रकृति डेहरिया, अभिषेक उईके, अनुराग, अभिषेक, विकास टेखरें, पूजा डेहरिया, शैलजा, पूजा, ट्विंकल आदि इतिहास तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं रहे। वन विहार के अद्भुत 5 किलोमीटर लंबे सफर जंगलों तथा हरियाली से आच्छादित मैदानी क्षेत्र व खूबसूरत तालाब, सांची का महान स्तूप जो सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध संरचनाओं में एक है जो बौद्ध कला और वस्तु कला का खजाना प्रदर्शित करता है ऐसी ऐतिहासिक धरोहर देखकर छात्रों की यात्रा यादगार बन गई।

## अवैध कॉम्प्लेक्स पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर

### नगर पालिका ने कब्जाधारी को जारी किया नोटिस

**सौसर ।** सौसर नगर में विगत दिनों अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण का मामला दिनो दिन तुल पकड़ने के बाद मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन ने वार्ड 15 निवासी सुभाष पिता भैय्याजी खुटपाले नमक व्यक्ति को शासकीय भूमि पर अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण हटाने 7दिन का नोटिस जारी किया गया है इस दौरान जानकारी में नगर पालिका सीएमओ सुरेंद्र कुमार उईके ने बताया कि पीड़ित वार्डवासियों द्वारा अपनी समस्या को लेकर सौसर एसडीएम श्रेयांस कुमट से शिकायत की गई थी जिसमे उन्होंने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के कारण मूलभूत सुविधा नहीं मिलने की बात कही थी जिसको लेकर एसडीएम द्वारा संयुक्त दल द्वारा भूमि जांच पड़ताल करवाई जिसमे वार्ड क्रमांक 15 के शासकीय बाजार की भूमि ख0नं0 696 रकबा 0.903 हे0 (मि0स0न0परि0) चारागाह की भूमि का एसडीएम के गठित संयुक्त दल द्वारा मौका जाँच एवं सीमाकंन किया गया। जिसमें जाँच प्रतिवेदन में उक्त भूमि पर अवैध निर्माण होना प्रतिवेदित किया है। साप्ताहिक बाजार चौक के पास शासकीय भूमि पर अवैध रूप से खव0 696 रकबा 0.903 हे0 में 1014 वर्गफिट भूमि पर 5 शटर वाली अवैध पक्की दुकान निर्माण किया गया है वही एसडीएम द्वारा जांच रिपोर्ट और कार्यवाही करने प्रतिवेदन भेजना के बाद आज कब्जाधारी को नोटिस की माध्यम से चेतावनी दी गई। जिसमे नगर पालिका प्रशासन द्वारा नोटिस में 02 जनवरी तक हटाने की चेतावनी दी गई यदि अवैध निर्माण नहीं हटाया जाता तो म0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की बात कही। बता देखी बता दे कि वार्ड वासियों की गंभीर समस्याओं को लेकर नवदुनिया अखबार द्वारा लगातार खबर प्रकाशित कर मामले को उठाया गया जिसके बाद स्थानीय और जिला प्रशासन हरकत में आया और वार्डवासियों की मांग पर निष्पक्ष जांच की गई।



एसडीएम द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करने भेजा गया एक प्रतिवेदन मिला है जिसके आधार पर अवैध कब्जाधारी को 2 जनवरी तक कब्जा हटाने नोटिस जारी किया जिसके बाद नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**सुरेंद्र कुमार उईक**
**सीएमओ सौसर**

## कमिश्नर ने शहर से अवैध होर्डिंग हटाने दिये आदेश

**छिंदवाड़ा ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों की मॉनिटरिंग का कार्य प्राथमिकता से करने तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने के आदेश नगर निगम कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को दिए हैं ,इसी सिलसिले में निगम आयुक्त स्वयं विभिन्न वार्डों में लगातार दौरे कर वस्तु स्थिति का जायजा ले रहे हैं इसी श्रृंखला में आयुक्त दिनांक 27 दिसम्बर को वार्ड नं 16,25 तथा 43 में पहुंचे,यहां स्थल निरीक्षण के दौरान वार्ड नं 16 तथा 25 में मात्र 7-7 कर्मचारी उपस्थित पाए गए, बाकि कर्मचारी अनुपस्थित थे इस बात से नाराज़ आयुक्त ने वार्ड सुपरवाइजर तथा जोनल को तुरन्त नोटिस जारी कर लापरवाही पर जवाब मांगा है।मानसरोवर काम्प्लेक्स में निरीक्षण में गंदगी पाई गई,आयुक्त के निर्देश पर क्षेत्र के दुकानदारों पर नगर निगम अमले नें 2200/- के चालान काटे। नगर निगम कमिश्नर ने शहर से अवैध होर्डिंग हटाने के लिए भी आदेशित किया है।

# कपास के घटते दाम से किसान परेशान

**सौसर ।** वर्ष 2022 समाप्ति की ओर है 2023 के नए सवेरे का हर कोई इंतजार कर रहा है नए वर्ष के स्वागत में कई जश्न मनाने की फिराक में है तो इस समय कपास के वाजिब दाम नहीं मिलने से किसान परेशान है वर्ष 2022 अलविदा 2023 सुखमय हो के अंदाज में नए साल की खुशियां मनाने आतुर है वही इन सब खुशियों को महामारी कोरोना भी सता रही है किंतु बात करें तो किसानों की जो निरंतर अपनी मेहनत कर अपनी उपज के सही दाम को तरस रहा है ना तो इसकी फिक्र सरकार में बैठे नुमाइंदों को है और ना ही सत्ता पक्ष और विपक्षी राजनेताओं को बस आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकट किसको देगी इसकी जुगाड़ में दोनों दल लगे हुए हैं और मतदाताओं को कैसे अपने पक्ष में लुभाए इसको लेकर कवायदे चल रही है बीते दिनों जिंदगी में कपास मुहूर्त 8 हजार 3 सौ हुआ था जो 9 हजार तक पंहुचा आज कपास के भाव गिरकर 7 हजार 5 सौ तक आ गया हैं जबकि लागत मूल्य की बात करें तो इस भाव में कपास बेचना किसान मुनासिब नहीं समझ रहें है क्योंकि लागत की बात करें तो इस कीमत से कहीं अधिक लागत आने का अनुमान किसान बता रहे हैं।



### अतिवृष्टि से फसलें हुई खराब दुबले पर दो आषाढ़

इस वर्ष अतिवृष्टि से कपास की फसल वैसेहि बर्बाद हो गई है ऊपर से फसलों पर कई बीमारियों जैसे पत्तों का सिकुड़ना, पत्ते लाल होना इन सब बीमारियों की रोकथाम के लिए महंगे कीटनाशक का वापर, कपास को सिंचित करने के लिए सिंचाई का खर्च शुरुआत में अतिवृष्टि के चलते खरपतवार का खर्चा इस प्रकार कुल मिलाकर किसान प्रति क्विंटल भाव 10 हजार से ऊपर की आस लगाए बैठे थे किंतु परिस्थितियां कुछ और ही बन रही है बीते वर्ष कपास का भाव 10 हजार से ऊपर 12 हजार 13 हजार तक पहुंचा था किंतु इस वर्ष विपरीत आपदाओं के बाद भी कपास के भाव निरंतर घटने से कपास किसान बेहद चिंतित है

### किसान सम्मान निधि लाली पॉप

केंद्र और राज्य सरकार लगातार किसानों की उपेक्षा कर रहे हैं मात्र किसान सम्मान निधि देकर किसानों से वाहवाही लूटी जा रही है कपास के संतोषजनक भाव नहीं मिलने से आज भी किसानों के घरों से वाजिब दाम के चलते कपास जिनिंग तक नहीं पहुंच पा रहा है केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितेषी होने का ढिंढोरा पीट रही है किंतु हकीकत कुछ और ही है

### कहां गए किसान नेता

किसानों की उपज निकलते ही किसान नेता किसानों की उपज का सही दाम मिलने को लेकर शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए ज्ञापन आंदोलन करते आए हैं किंतु वर्तमान में कोई भी दल का नेता या किसान नेता किसानों के हित में आवाज उठाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं किसानों के हित में किसानों के नाम पर बड़े-बड़े संगठन बने हुए कांग्रेस भाजपा में किसान मोर्चा सेल आदि संगठन कपास के वाजिब दाम किसानों को दिलाने को लेकर चुप्पी साधे बैठे हैं ऐसे में किसान का मनोबल निरंतर टूटता जा रहा है

### जिनिंग में नहीं है पर्याप्त कपास की आवक

जिनिंग व्यवसाई इंदरचंद डागा से हमारे प्रतिनिधि ने बात करने पर बताया कि दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार से निर्धारित होते हैं लगातार दाम गिरने से हमारा व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है कपास की आवक नहीं होने से जिनिंग चलाने में भारी परेशानी हो रही है ऐसे में हमें दूसरे राज्यों से कपास लाकर जिनिंग चलानी पड़ रही है लगातार गिरते भाव से क्षेत्र के किसान अपनी उपज जिनिंग में बेचने नहीं आ रहे भाव बढ़ने के इंतजार में है किंतु भाव में लगातार गिरावट आ रही है जो चिंताजनक है

## लोकतंत्र की मजबूती में हो युवाओं की भागीदारी

### युवा नीति पर गर्ल्स कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन



**छिंदवाड़ा ।** मध्य प्रदेश युवा नीति निर्माण पर जन जागरूकता हेतु गर्ल्स कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विजय कलमधार ने छात्राओं संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली जीवन शैली का विकास ही हमारा अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. रोहित कुमार सिंह कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ वंचित युवाओं को समर्थ बनाने एवं उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। प्रो. ढालसिंह गौतम ने कहा कि अनुचित सामाजिक प्रथाओं को दूर करने के लिए युवाओं को जागरूक करना होगा। डॉ. छविनम श्रीवास्तव ने कहा कि युवा उद्यमियों के लिए कस्टमाइज्ड कार्यक्रम तैयार करना होगा। कार्यक्रम संचालक रेणुका पोफली ने कहा कि नीति में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सहायता पर बल देना होगा। शोभाराम जम्होरे ने कहा कि हमें सामाजिक सद्भावना और नैतिक मूल्यों को उचित स्थान देना होगा। कार्यक्रम में प्रियंका पाठक, नीता वर्मा के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# उमा भारती बोलीं– मैं नहीं कहती कि तुम भाजपा को वोट करो, खुद निर्णय लो

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रदेश की पूर्व सीएम और बीजेपी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव के समय मेरी फोटो दिखाकर लोधियों के वोट लिए जाते हैं। सभाओं में मैं भाजपा के लिए वोट मांगूंगी, क्योंकि मैं पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं। फिर भी आप अपना हित देखकर वोट देना, क्योंकि आप भाजपा के निष्ठावान सिपाही नहीं हैं।

उमा भारती रविवार को लोधी-लोधा समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संबोधित भी किया। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा से निकाले जाने का उनका दर्द भी फिर छलक उठा। परिचय सम्मेलन के दौरान उमा भारती बेबाकी से बोलीं।

**मेरे कहने पर भी वोट अपने हिसाब से देना:** उमा ने कहा- मैं अपनी पार्टी के मंच पर आऊंगी। लोगों का वोट भी मांगूंगी। मैं कभी नहीं कहती कि लोधियों, तुम भाजपा को वोट करो। मैं तो सबको कहती हूं कि तुम भाजपा को वोट करो, क्योंकि मैं तो पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं। मैं आप से नहीं कहती कि आप पार्टी के निष्ठावान सिपाही रहो। आपको अपने हित देखना है। हम प्यार के बंधन में बंधे हैं, लेकिन राजनीति के बंधन से आप आजाद हैं। मैं आऊंगी उम्मीदवार के पक्ष में बोलूंगी, वोट मांगूंगी। लेकिन, आपको उसी उम्मीदवार को वोट देना है, जिसने आपका सम्मान रखा हो, जिसने आपको उचित स्थान दिया हो।

**लोधी समाज के लोगों को दी सलाह:** उमा भारती ने कहा कि मैं कई बार कह चुकी हूं कि जब मैं प्रचार करने आती हूं, तो मेरा आग्रह है कि मुझे फोन नहीं करना कि यहां मत आइए। मुझे सब जगह जाना होता है, लेकिन भाषण सुनने के बाद भी आपको तय करना है कि आपको वोट देना है या नहीं। मैं आपको आपको फोटो दिखा दिया जाता है, उमा भारती और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कल्याण सिंह का। वैसे, मेरा फोटो कभी नहीं दिखाते, लेकिन चुनाव में जरूर दिखाया जाएगा। कल्याण सिंह का भी यही हाल है। उनकी फोटो भी चुनाव के समय दिखाई जाती है।

कई बार इस बंधन से मुक्त कर चुकी हूं कि मेरा फोटो देखकर, भाषण सुनकर वोट नहीं दें। मैं आपको गिरवी नहीं रख सकती। मेरी सभा के बाद आपको पट्टे में लिख दिया गया है, यह मैं नहीं कर सकती।

**27 सीटों पर लोधी, जिसे चाहें जिता सकते हैं:** उमा भारती ने कहा- आपका वोट बहुत है। करीब 50 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जिनमें से 27 में आप जिसको चाहो जिता सकते हैं। यूपी में 70 सीटें हैं। राजस्थान, उप्र और मध्यप्रदेश को जोड़ दिया जाए, तो 30-40 लोकसभा सीटों पर लोधियों का अधिपत्य है।

**एससी वोटर्स बहुल 135 सीटों पर भाजपा का फोकस**

# प्रशिक्षण कार्यक्रम बड़े स्तर पर चलाएगा अजा मोर्चा

भोपाल। भाजपा मिशन 2023 के लिए पूरी तरह एक्टिव हो चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में आदिवासी क्षेत्रों में सीट कम आने से भाजपा की सरकार चली गई थी। इस बार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी वोटर्स को लुभाने के लिए पेसा कानून लागू कर दांव खेला है। जनजातीय नायकों की प्रतिमाओं की स्थापना से लेकर आदिवासी नायकों के जन्मस्थान और बलिदान स्थली को भी डेवलप किया जा रहा है।

इधर, भाजपा अनुसूचित जाति (अजा) मोर्चा ने प्रदेश की 135 स्ट वोटर बहुल विधानसभाओं को लेकर खास प्लान बनाया है। अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने 35 हजार से ज्यादा अजा वोटर्स वाली विधानसभाओं के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं। इन विधानसभाओं के हर बूथ पर स्ट मोर्चा अपनी अलग से बूथ कमेटियां बनाएगा। अजा मोर्चा 35 हजार से ज्यादा अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं वाली 135 विधानसभाओं में नए वोटर्स को जोड़कर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा स्ट कैटेगरी के लिए चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ने का काम करेगा।

**नए दलित वोटर्स को जोड़ने की कोशिश:** मप्र विधानसभा की कुल 230 सीटों में से 35 अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। 47 सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए रिजर्व हैं। मप्र की सत्ता में 18 साल से काबिज भाजपा के लिए एंटी इन्कमबेंसी बड़ी चुनौती है। स्ट मोर्चा ऐसे युवा मतदाताओं को साथ जोड़ेगा, जो 18 साल की उम्र पूरी कर हाल ही में नए वोटर बने हैं। इन युवा मतदाताओं को मप्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हायर स्टडीज स्कीम और वोकेशनल ट्रेनिंग के अलावा रोजगार, स्वरोजगार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ दिलाने तक में मदद करेगा, ताकि इन युवाओं के जरिए शिवराज और मोदी सरकार के मैसेज को उनके परिवारों तक पहुंचाया जा सके।

**बीजेपी का पूरा जोर बूथ पर, हर मोर्चे की अलग टीम हो रही तैयार:** बीजेपी ने अगले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ पर टीम मजबूत करने के लिए पार्टी के हर मोर्चे को कमेटी बनाने और उसे प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं। भाजपा की बूथ कमेटियों के अलावा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा के साथ ही अब एससी और एसटी मोर्चा भी अपनी-अपनी कमेटी बनाएंगे। ऐसे में जिन बूथों पर जिस वर्ग की बहुलता है उस वर्ग के लोगों खासकर नए टेक्नीक फ्रेंडली यूथ को बूथ पर जोड़कर पार्टी की लीडरशिप से वर्चुअल कनेक्ट करने का प्लान बनाया गया है। बीजेपी नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव में 51 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का टारगेट फिक्स किया है।

**135 विधानसभाओं में होंगे ट्रेनिंग प्रोग्राम:** बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.कैलाश जाटव ने बताया कि हर विधानसभा के लिए एक प्रभारी बनाया गया है। ये अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में बूथ कमेटियों का गठन कराएंगे। इन्हीं विधानसभा क्षेत्रों में बूथ कमेटियों और नए मतदाताओं के ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे।

## प्रदेश में 48 हजार स्थायी कर्मियों को सातवां वेतनमान और अनुकंपा नियुक्ति देगी सरकार

**भोपाल।** चुनावी साल में राज्य सरकार हर वर्ग की चिंता कर रही है। जहां अस्थायी कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर मंथन चल रहा है, वहीं प्रदेश के 48 हजार से अधिक स्थायी कर्मचारियों की भी सुध ली जा रही है। यह वह कर्मचारी हैं जिन्हें कलेक्टर रेट पर पहले दैनिक वेतनभोगी के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में 2014 से 2016 के बीच इन्हें स्थायी कर्मचारी बनाया गया। अब सरकार इन कर्मचारियों को सातवां वेतनमान और इस संवर्ग में अनुकंपा नियुक्ति का प्रविधान करने पर गंभीरता से विचार कर रही है शासन के उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि सरकार ने इस बारे में विभाग प्रमुखों से विचार विमर्श शुरू कर दिया है। स्थायी कर्मचारी लंबे समय से खाली पदों पर नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। सरकार ने इसका तोड़ निकाल लिया है। राज्य कर्मचारी कल्याण समिति ने इन कर्मचारियों को सातवां वेतनमान और अनुकंपा नियुक्ति देने की अनुशंसा की है। उम्मीद की जा रही है कि नए वर्ष में इन कर्मचारियों को लाभ मिलने लगेगा। 20-25 साल से विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे इन कर्मचारियों को वर्तमान में छठां वेतनमान भी नहीं मिल रहा है। वर्तमान में अकुशल स्थायीकर्मी को चार हजार, अर्द्धकुशल को साढ़े चार हजार और कुशल को पांच हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है। मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने बताया कि उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार मामले में 10 अप्रैल 2006 को उच्चतम न्यायालय ने एक फैसला सुनाया है कि 10 साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए।

# महाकाल की दान राशि के दुरुपयोग पर एफआईआर करें : कांग्रेस

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति ने राष्ट्रपति के आने पर स्वागत-सत्कार में दानराशि से 90 लाख रुपए खर्च किए। कांग्रेस ने मामले में एएसपी को ज्ञापन देकर एफआईआर करने की मांग की है। कहा है कि अगर तीन दिन में केस नहीं होता है तो आंदोलन करेंगे। बता दें राष्ट्रपति सितंबर में आई थीं।

विधायक महेश परमार ने विधानसभा में महाकाल मंदिर में राष्ट्रपति के आगमन पर खर्च की गई दानराशि का हिसाब मांगा था। विधानसभा में राष्ट्रपति के महाकाल मंदिर आगमन पर स्वागत, सत्कार और सजावट पर करीब 90 लाख रुपए खर्च करने की जानकारी दी गई। विधानसभा पटल से मिली जानकारी के आधार पर ही मंगलवार को कांग्रेस के प्रवक्ता केके मिश्रा, विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदौरिया, जिला अध्यक्ष कमल पटेल, पार्षद रवि राय, विवेक यादव, देवव्रत यादव, बबलू खिंची, गीता यादव सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर एएसपी



इंद्रजीत बाकलवाल को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने एएसपी बाकलवाल से कहा कि विधानसभा से मिले सरकारी दस्तावेज खुद प्रमाणित हैं। इस आधार पर निष्पक्ष होकर भगवान महाकाल के नाम पर हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दी गई धनराशि के दुरुपयोग के मामले में दोषी व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज करें। कांग्रेस नेताओं ने प्रकरण दर्ज करने के लिए 3 दिन का समय पुलिस प्रशासन को दिया है। कहा कि 3 दिन में प्रकरण दर्ज नहीं किया तो कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में शुरू होगी कोरोना की आरटीपीसीआर जांच

**भोपाल।** कोरोना के नए वैरिएंट की दस्तक के साथ मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका को देखते हुए प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच की सुविधा शुरू की जाएगी। इसके लिए 39 जिला अस्पतालों में पीसीआर मशीनें लगाई जा चुकी हैं। अगले वर्ष से यह सुविधा शुरू हो जाएगी। स्वास्थ्य आयुक्त डा. सुदाम खाड़े ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखकर माइक्रोबायोलाजिस्ट और लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था करने को कहा है। अभी सिर्फ मेडिकल कालेजों में ही कोरोना की जांच हो रही है। सैंपल भेजने में देरी की वजह से रिपोर्ट आने में विलंब होता है।

कोरोना के उपचार के लिए भारत सरकार से मिली राशि से यह लैब तैयार की जा रही हैं। इन्हें जिला लोक स्वास्थ्य प्रयोगशाला नाम दिया गया है। कोरोना के अलावा इन लैब में डेंगू, स्वाइन फ्लू, स्क्रब टायफस समेत अन्य संक्रामक बीमारियों के लिए जिम्मेदार वायरस की भी पहचान हो सकेगी। इसके अलावा एचआइवी से संक्रमित मरीजों में वायरल लोड का पता भी इन प्रयोगशालाओं से चल जाएगा। इससे एचआइवी संक्रमित मरीजों के इलाज में आसानी हो जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों से दो लैब टेक्नीशियन को इसके लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

साथ ही जांच किट और अन्य सामग्री खरीदने के लिए प्रति संस्था एक लाख रुपये दिए गए हैं। मौजूदा स्थिति में निजी और सरकारी मिलाकर 35 प्रयोगशालाओं में एक लाख 24 हजार सैंपल प्रतिदिन आरटीपीसीआर से जांचने की क्षमता है। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा अनुबंधित तीन निजी लैब भी शामिल हैं।

## छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान हो लायंस क्लब की बस को दिखाई हरी झंडी




**छिंदवाड़ा।** जिला फुटबॉल संघ के एवं लायंस क्लब परासिया के पदाधिकारी कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले से मिले उन्होंने मांग की जिले में एक भी राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान नहीं है खेल मैदान होने चाहिए क्योंकि कलेक्टर ओलंपिक संघ एवं फुटबॉल संघ की पदेन पदाधिकारी है। प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष पूरन राजलानी, जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष अरुण कपूर एवं लायंस के पदाधिकारी अनिल जैन अविनाश अग्रवाल आलोक जैन हरिशंकर साहू धर्मेंद्र एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा नई बस का शुभारंभ कलेक्टर द्वारा किया गया जो लोग रोगियों को लाने ले जाने के काम आएगी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही संबंधित पदाधिकारियों से चर्चा करेंगी।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकराई बाइक, युवक की मौत

**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना इलाके में सड़क किनारे खड़े ट्रक से एक तेज रफ्तार बाइक पीछे से आकर टकरा गई। इस हादसे की वजह से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक एक्सल स्टेट नर्मदापुरम रोड निवासी 30 वर्षीय राघवेंद्र मैना ने बताया कि वह निजी काम करते हैं। वह रविवार रात सवा सात बजे इंडस टाउन स्थित बस स्टाप पर खड़े हुए थे। इसी दौरान भोपाल से मंडीदीप तरफ आ रहे ट्रक को चालक ने रघुकुल गार्डन के सामने सड़क किनारे खड़ा किया और चला गया। इसके कुछ देर बाद भोपाल तरफ से आ रही एक बाइक ट्रक में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। राघवेंद्र ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान ग्राम बरूआ खार जिला विदिशा निवासी 22 वर्षीय अंकित सेन के रूप में बताई थी इधर घटना की जानकारी मिलते ही युवक के स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए थे, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। राघवेंद्र ने पुलिस को बताया कि चालक ने ट्रक को गलत तरीके से सड़क किनारे खड़ा किया था, उसकी लाइट तक बंद कर दी थी।

# भोपाल से रीवा व दतिया के बीच छोटा विमान चलाने की तैयारी


Demo Pic

**भोपाल।** वर्ष 2023 में भोपाल से रीवा एवं दतिया तक सीधी उड़ान शुरू हो सकती है। भारत सरकार ने हाल ही में रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना शुरू की है। इसी के तहत दोनों शहरों को भोपाल से जोड़ने का प्रस्ताव है।

एयरपोर्ट अथारिटी ने इन उड़ानों के संचालन के लिए फ्लायबिग को अधिकृत किया है। कंपनी अगले छह माह के अंदर उड़ानें शुरू करेगी। इसके लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भी स्वीकृति दे दी है। रीवा में नया एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि अगले छह माह में यहां रन-वे विस्तार हो जाएगा। इसके बाद विमानों की आवाजाही हो सकेगी। इसी उद्देश्य से एयरपोर्ट अथारिटी के मुख्यालय ने कंपनी को उड़ानें प्रारंभ करने के लिए 180 दिन का समय दिया है। इस रूट पर 19 सीटों वाला विमान चलाया जाएगा। भोपाल से छोटे शहरों तक उड़ानें लंबे समय तक कभी नहीं चल पाईं। पांच साल पहले वेंचुरा एयर टैक्सी ने भोपाल को रीवा, सतना से जोड़ा था लेकिन कंपनी को उम्मीद के अनुरूप यात्री नहीं मिले। हाल ही में रीजनल कनेक्टिविटी अभियान के तहत एलायंस एयर ने जबलपुर, ग्वालियर एवं बिलासपुर की उड़ान शुरू की, लेकिन तीन माह बाद ही बंद हो गई। फ्लायबिग की अहमदाबाद एवं हैदराबाद उड़ान भी बंद हो चुकी है।

## आयुष विभाग ने 343 सीएचओ पद-स्थापना के आदेश जारी किये

**भोपाल।** आयुष विभाग ने प्रदेश में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में रिक्त पदों में 343 आयुष सीएचओ के पद-स्थापना के आदेश जारी कर दिये हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत 562 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। पद-स्थापना संबंधी आदेश आयुष विभाग की विभागीय वेबसाइट और एमपी ऑनलाइन के पोर्टल पर भी जारी किये गये हैं। आयुष विभाग के अंतर्गत 1773 आयुष औषद्यालयों में से चिन्हित कर चयनित आयुष औषद्यालयों का उन्नयन कर आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की स्थापना की जा रही है।

आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में जन-सामान्य को औषधीय पौधों के गुणों से परिचित कराने के लिये हर्बल गार्डन भी लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सेंटर में प्रशिक्षक द्वारा जन-सामान्य को योग कराने की व्यवस्था भी है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर स्थापित करने का मकसद एक ही जगह पर आयुष चिकित्सा पद्धति की विभिन्न विधाओं को उपलब्ध कराकर चिकित्सालयों में रोगी के भार को कम करना भी है।

### उप समिति गठित

भोपाल। राज्य शासन द्वारा खेलो इण्डिया यूथ गेम्स-2022 के पाँचवें संस्करण के लिये आने वाले अतिथि, वरिष्ठ ऑफिशियल्स, सी.डी.एम. खिलाड़ी तथा सपोर्ट स्टॉफ की व्यवस्थाओं के लिये गठित कार्यकारी समिति की उप समिति का गठन किया गया है। उप समिति में प्रमुख सचिव खेल और युवा कल्याण, परिवहन, पर्यटन और संचालक खेल और युवा कल्याण को सदस्य मनोनीत किया गया है।

## जन-विकास कार्यक्रम में 172 करोड़ से अधिक का बजट आवंटन

**भोपाल।** केन्द्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की जन-विकास योजना अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश को 172 करोड़ 79 लाख रूपये का बजट आवंटन मिला है। इस राशि से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा के साथ अधो-संरचना विकास के कार्य किये जा रहे हैं। आवंटित राशि में से गाँधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के उन्नयन पर भी राशि खर्च की जा रही है। भोपाल के आवासीय विद्यालय आरिफ नगर और शासकीय यूनानी कॉलेज में 180 सीटर कन्या छात्रावास के निर्माण के साथ ही खण्डवा के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्मार्ट क्लास का भी निर्माण किया जा रहा है। योजना में कुल व्यय की जाने वाली राशि में 60 प्रतिशत केन्द्र का हिस्सा और 40 प्रतिशत राज्य का हिस्सा होता है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने निर्माण एजेंसियों को स्वीकृत कार्य समय-सीमा में पूरा किये जाने के निर्देश दिये।

# हाउसिंग प्रोजेक्ट को गृह निर्माण मण्डल प्राथमिकता से करें पूरा : तिवारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री आशुतोष तिवारी ने कहा कि सभी हाउसिंग प्रोजेक्ट को समय-सीमा में पूरा करें। आवासों को बनाने से ज्यादा प्राथमिकता उनके विक्रय को दे। श्री तिवारी मंगलवार को गृह निर्माण मण्डल के मुख्यालय में रीवा, जबलपुर, ग्वालिय एवं सागर के सर्किल अधिकारियों से कार्य की वर्चुअली समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान योजनाओं के साथ प्रस्तावित कार्ययोजनाएँ भी प्रस्तुत करें। हमारा सौभाग्य है कि वर्ष 2023 मण्डल का स्वर्ण जयंती वर्ष है। इस वर्ष हम 50 वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं।



इन 50 वर्षों में मध्यप्रदेश हाउसिंग मण्डल ने अपने कार्य एवं विश्वास से आमजन के मन में उज्जवल छवि बनाई है। अपर आयुक्त एस.के. मेहर ने गृह निर्माण मण्डल के हाउसिंग प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। वर्तमान में चल रही अटल आश्रय योजना की प्रगति एवं प्रस्तावित अटल योजना की प्रगति से अवगत कराया। अध्यक्ष तिवारी ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए जानकारी ली कि कितने आवास इस योजना के अंतर्गत बनाये जा चुके हैं एवं कितने प्रस्तावित हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती विदिशा मुखर्जी ने मण्डल में रिक्त पदों की पूर्ति एवं भर्ती प्लान से अवगत कराते हुए कहा कि शीघ्र ही पीएससी एवं कर्मचारी चयन मण्डल के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। बैठक में अपर आयुक्त श्री एस.के. वर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।